संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -358 बुधवार ,30 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

राम मंदिर,महाकाल मंदिर समेत कई धार्मिक स्थलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली,29 अक्टूबर 2024 (ए)। दिवाली के आते ही आतंकी हमलों की धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है। अयोध्या का राम मंदिर, उज्जैन का महाकाल मंदिर और तिरुपति का इस्कॉन मंदिर आतंकियों के निशाने पर हैं। इसके मद्देनज सुरक्षा सख्त कर दी गई है।
मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को ईमेल और चिट्ठियों के माध्यम से इन मंदिरों पर हमले की चेतावनी मिली है, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है।

दीपोत्सव आयोजन के लिए सुरक्षा बढ़ी

अयोध्या में दो दिन बाद दीपोत्सव मनाया जाएगा, जहां भगवान रामलला पहली बार अपने घर पर दिवाली मनाएंगे। लाखों भक्त इस मौके का हिस्सा बनने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस आयोजन के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिसमें श्रद्धालुओं की कई स्तरों पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी सुरक्षा की निगरानी की जा रही है।

संदिग्ध गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी

इस बीच, अयोध्या पुलिस ने रफीक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके पास भारी मात्रा में विस्फोटक मिला है। यह विस्फोटक आमतौर पर पटाखे बनाने में उपयोग होता है। पुलिस ने अयोध्या की सुरक्षा को और बढ़ाते हुए विभिन्न सुरक्षा बलों को तैनात किया है।

केंद्रीय मंत्री को मिली जान से मारने की धमकी

अमजद 1531 कॉल के बाद से मचा हड़कंप

बेगूसराय से सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें अमजद 1531 नाम से वाट्सऐप कॉल पर यह धमकी दी गई है, जिससे सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। गिरिराज सिंह ने इस मामले को लेकर छ्तक्क आलोक राज से बातचीत की है, लेकिन केंद्रीय मंत्री की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ाई गई

उज्जैन के महाकाल मंदिर को आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। एक चिट्ठी में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि महाकाल मंदिर को 30 अक्टूबर और 2 नवंबर को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। इस धमकी के बाद, महाकाल मंदिर की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। मंदिर के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है, और सभी श्रद्धालुओं की जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां चिट्ठी के स्रोत का पता लगाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए सक्रिय हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, और हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं ताकि महाकाल मंदिर में आने वाले भक्त सुरक्षित रहें।

तिरुपति में लगातार धमकियाँ

तिरुपति में इस्कॉन मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल भेजने वाले ने आईएसआईएस के आतंकवादियों का नाम लिया है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। तिरुपति पुलिस ने धमकी मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर की तलाशी ली। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ, जिससे भक्तों की सुरक्षा पर थोड़ी राहत मिली। इसके बावजूद, सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों की टीमें मंदिर के चारों ओर गश्त कर रही हैं, ताकि किसी भी खतरे का सामना किया जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

खतरे को गंभीरता से लिया जा रहा है...

इन धमकियों के चलते सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हैं। हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं ताकि किसी भी संभावित खतरे का सामना किया जा सके। धमकी भरे ईमेल और चिट्ठियों के भेजने वालों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा बलों ने इन संदेशों के स्रोत की पहचान के लिए जांच तेज कर दी है। सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरती जा रही है। सभी प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है, और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है।

देश की संक्षिप्त खबरें

ईडी की बड़ी कार्रवाई

» शराब घोटाला मामले में की छापेमारी...

» आईएएस अधिकारी समेत कई लोगों के ठिकानों पर रेड...

रांची,29 अक्टूबर 2024 (ए)। झारखंड की राजधानी रांची में ईडी ने आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत उनके कई अन्य करीबी रिश्तेदारों के ठिकानों पर छापेमारी की है। उन पर आरोप है कि उन्होंने साजिश के तहत झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल की। इसके बाद राज्य में देसी और विदेशी शराब का टेंडर भी सिंडिकेट के लोगों को दिलवाया और झारखंड में बिना हिसाब की डूप्लीकेट होलोग्राम लगी देसी शराब की बिक्री की गई।

बाबा सिद्दीकी के बेटे को भी मिली जान से मारने की धमकी,घर की सुरक्षा बढ़ाई

मुंबई ,29 अक्टूबर 2024 (ए)। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब उनके बेटे व विधायक जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी मिली है। ऑफिस के लैंडलाइन नंबर पर फोन करके अज्ञात व्यक्ति ने जीशान सिद्दीकी को ये धमकी दी गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमकी भरा कॉल जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ईस्ट स्थित जनसंपर्क कार्यालय के फोन पर आया था। वहीं, धमकी देने वाले शख्स को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

निर्माणाधीन मेट्रो सुरंग में बड़ा हादसा

» लोको पिकअप मशीन मजदूरों पर चढ़ी,3 की मौत

पटना,29 अक्टूबर 2024 (ए)। बिहार की राजधानी पटना में निर्माणाधीन मेट्रो सुरंग में बड़ा हादसा हो गया। मेट्रो सुरंग में लोको पिकअप मशीन की ब्रेक फेल हो गई और मजदूरों पर चढ़ गई। इस हादसे में एक लोको पाइलट और दो मजदूरों की (3 मौत हो गई। वहीं, बचाव दल ने 6 मजदूरों का रेस्क्यू किया है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पीएम मोदी ने गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए यू-विन पोर्टल किया लॉन्च

नई दिल्ली,29 अक्टूबर 2024 (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को घनतेरस के मौके पर गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को कई सौगातें दी हैं। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 12,850 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली कई सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया और इसका लाभ आम आदमी को देने का ऐलान भी किया। स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा बेहतर और आरामदायक बनाने और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पोर्ट्ल का भी शुभारंभ किया।
प्रधानमंत्री ने यू-विन पोर्टल की शुरुआत भी की. इस पोर्टल के जरिए गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को लगने वाली सभी वैक्सीन का डाटा एक जगह रखा जा सकेगा।नवजात शिशु से लेकर 17 साल तक की उम्र तक हर बच्चे का वैक्सीनेशन रिकॉर्ड इस पोर्टल में होगा. इस पोर्टल से ये सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि सभी जरूरी वैक्सीनेशन समय पर मिल जाएं।

वैक्सीनेशन का रखा जाएगा रिकॉर्ड

यू-विन पोर्टल में कवर की गई वैक्सीनेशन्स में खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, न्यूमोकोकल निमोनिया, मेनिनजाइटिस और हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, पर्टुसिस, पोलियो, रोटावायरस डायरिया और हेपेटाइटिस बी के कारण होने वाला निमोनिया जैसी सभी वैक्सीनेशन्स का रिकॉर्ड शामिल रहेगा। भारत के कुछ जिलों में, जापानी एन्सेफलाइटिस के लिए भी वैक्सीनेशन दी जाएगी। यह पोर्टल कोविड-19 वैक्सीन मैनेजमेंट सिस्टम कोविन के आधार पर तैयार किया गया है। इस पोर्टल में रजिस्टर करने पर आपका और आपके बच्चे की वैक्सीनेशन का सारा ब्यौरा भी होगा. साथ ही इसमें वैक्सीनेशन के साथ वैक्सीनेशन लेने की तिथि और अगली ड्यू डेट का ब्यौरा भी मिल जाएगा।

कैसे काम करेगा ये पोर्टल

यू-विन पोर्टल में हर वैक्सीनेशन प्रोग्राम का रिकॉर्ड रखा जाएगा। . इसमें क्यू-आर स्कैन के जरिए जो भी वैक्सीनेशन हुआ है उसका प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त हो जाएगा। इस प्रमाणपत्र को आप कही से भी एक्सेस कर डाउनलोड कर पाएंगे। इसके लिए आपको यू-विन पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए इस पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

पोर्टल के जरिए शेड्यूल होगी अलगी वैक्सीनेशन

यूविन पोर्टल की मदद से आप अपने आस-पास और पंसद के वैक्सीनेशन केंद्र का भी चयन कर सकेंगे। इसकी मदद से आप अपनी अगली वैक्सीनेशन की अपॉइटमेंट भी शेड्यूल कर सकेंगे. एक बार इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ये पोर्टल आपको अगली अपाइटमेंट या ड्यू वैक्सीनेशन के बारे में एसएमएस के जरिए अलर्ट भी भेजेगा, ताकि आपके बच्चे की कोई भी वैक्सीनेशन मिस न हो सके।

धनतेरस पर हुआ भीषण सड़क हादसा

» पुलिया से टकराई बस, 12 की मौत और 35 से अधिक घायल

सीकर,29 अक्टूबर 2024 (ए)। राजस्थान में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में निजी बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। 35 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। सभी को उपचार के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल ले जाया गया। जहां से 7 की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। हादसा सालासर से 68 किमी दूर हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बस को लक्ष्मणगढ़ पुलिया से बायीं तरह से जयपुर-बीकानेर रोड की ओर जाना था। तेज रफ्तार में होने के कारण बस पूरी तरह घूम नहीं सकी और सीधे पुलिया से टकरा गई। बस का आगे का 3 से 4 फीट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस पुलिया की दीवार से टकराई और ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा चकनाचूर हो गया। टक्कर के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई और एक-एक कर सभी को नजदीकी लक्ष्मणगढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने निजी वाहनों और एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पतालों में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ।

गाजियाबाद के जिला अदालत में बवाल

» जज और वकीलों में बहस के बाद मचा हंगामा...

» लाठीचार्ज के बीच हुआ विरोध प्रदर्शन...

गाजियाबाद,29अक्टूबर 2024 (ए)। गाजियाबाद जिला अदालत में शुक्रवार को एक सुनवाई के दौरान जज और वकीलों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद कोर्ट परिसर में भारी हंगामा और बवाल हुआ। बताया जा रहा है कि पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जो बाद में टकराव में बदल गई। सूत्रों के मुताबिक, स्थिति इतनी बिगड़ गई कि नाराज़ वकीलों ने जज के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और कुर्सियां भी फेंकी। मामले को नियंत्रण में लाने के लिए जज ने तुरंत पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभालने के लिए हंगामा कर रहे वकीलों पर लाठीचार्ज किया, जिससे माहौल और गरमा गया।
इस घटना के बाद वकील नाराज़ होकर कोर्ट के बाहर धरने पर बैठ गए और जज के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस विवाद से नाराज जजों ने भी काम बंद कर दिया है और न्यायिक कार्यवाही ठप हो गई है। कोर्ट परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है, और स्थानीय प्रशासन भी घटनास्थल पर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



डॉग फैंटम ने दी सर्वोच्च बलिदान

आतंकवादियों की गोलीबारी में शहीद

नई दिल्ली,29अक्टूबर 2024 (ए)। जम्मू-कश्मीर के खौर इलाके में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में भारतीय सेना के चार साल के बहादुर डॉग 'फैंटम' ने अपनी जान की कुर्बानी दी। मेल बेल्जियन मैलिनोइस नस्ल का यह डॉग आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में सैनिकों का साथ दे रहा था। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोली का शिकार होकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने फैंटम के इस बलिदान को नमन करते हुए एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, फैंटम की बहादुरी, वफादारी और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज,दी नसीहत

चंडीगढ़,29अक्टूबर 2024 (ए)। हरियाणा चुनाव को लेकर कांग्रेस के आरोपों को चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया है। आयोग ने कांग्रेस के इन आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि ऐसी बातें चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं। चुनाव आयोग ने कांग्रेस को सलाह दी कि उन्हें बिना सबूत के इस तरह के आरोप लगाने से दूर रहना चाहिए और ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान और मतगणना के दौरान इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना आरोप सार्वजनिक अशांति और अराजकता का कारण बन सकते हैं। उन्होंने पिछले एक साल में 5 विशिष्ट मामलों का हवाला देते हुए, राष्ट्रीय दलों से उचित परिश्रम करने की अपील की और चुनावी कार्यों पर आदतन हमलों से बचने की सलाह दी।ईसीआई ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखा कि हरियाणा में चुनावी प्रक्रिया का हर चरण त्रुटिहीन रहा है, जिसमें कांग्रेस उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की निगरानी की गई थी। आयोग ने 1642 पृष्ठों के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं, जिनमें बताया गया है कि कांग्रेस के अधिकृत प्रतिनिधि सभी चरणों में मौजूद थे, जिसमें बैलट बैटरी चालू करने से लेकर गिनती समाप्त होने तक का समय शामिल है।

संपादकीय

महाराष्ट्र और झारखंड में मुकाबला बराबरी का

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम का एलान हो गया है। हकीकत की रोशनी में देखें, तो दोनों राज्यों में मुकाबला बराबरी का है। जमीनी तैयारी और कारगर रणनीति वहां निर्णायक साबित होंगे। इसके बजाय माहौल पर निर्भर रहना आत्मघाती होगा। एक खबर के मुताबिक राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं को आगाह किया है कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर वे जीत के अति आत्म-विश्वास में ना रहें। संभवतः इसी महीने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हुई हार से गांधी ने यह सबक सीखा है। हरियाणा में जिस अति आत्म-विश्वास में पार्टी नजर् आई, आरंभ से ही उसका कोई आधार नहीं था। लोकसभा चुनाव में भाजपा जरूरत ढलान पर नजर आई, फिर भी उसे कांग्रेस दो प्रतिशत ज्यादा यानी 46 फीसदी वोट हासिल हुए थे। सीटें जरूर पांच-पांच दोनों दलों को मिल गई थीं। फिर भी कांग्रेस ने जमीनी तैयारी के बजाय सोशल मीडिया पर अपने समर्थकों के बनाए माहौल पर ज्यादा भरोसा किया। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने जातीय समीकरण एवं चुनाव प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया। नतीजा सामने है।महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव नतीजों पर भी गौर करें, तो भाजपा नेतृत्व वाले महायुति को लगभग 44 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस-शिवसेना-एनसीपी (शरद पवार) के महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के हिस्से में भी लगभग इतने वोट ही आए थे। अघाड़ी ने सीटें जरूर 30 जीत लीं, जबकि महायुति की झोली में 17 सीटें ही आईं। इससे महायुति की बड़ी हार की धारणा बनना लाजिमी था, लेकिन उसी सोच के साथ विधानसभा चुनाव में उतरना आत्मघाती हो सकता है। वैसे भी लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने जातीय समीकरण साधने और रेवड़ी' बांट कर अपने लिए वोट जुटाने की प्रभावशाली कोशिश की है। दरअसल, राहुल गांधी को ऐसी ही सलाह झारखंड में अपने गठबंधन सहयोगियों को भी देना चाहिए, जहां 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। वहां हरियाणा जैसी हालत है। भाजपा ने 14 में से आठ सीटें जीतीं, लेकिन 2019 की तुलना में उसकी चार सीटें घटीं। इस कारण उसकी हार की धारणा बनी। जबकि उसके पाले में लगभग 45 फीसदी वोट आए, जबकि इंडिया गठबंधन की झोली में बमुश्किल 39 प्रतिशत वोट गिरे। मतलब यह कि दोनों राज्यों में मुकाबला बराबरी का है। जमीनी तैयारी और कारगर रणनीति वहां निर्णायक साबित होंगे। इसके बजाय माहौल पर निर्भर रहना आत्मघाती साबित होगा।

नरक चतुर्दशी पर विशेष

यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरु हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है।

यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

डाईनास्टी अब भाजपा के लिए बुरा शब्द नहीं रहा; एक और बिश्नोई चाहते हैं राज्यसभा में जगह

भारतीय जनता पार्टी के लिए अब परिवारवाद या वंशवाद की राजनीति कोई गंदा शब्द नहीं रह गया है। वंशवाद के कई नेताओं को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस के खिलाफ एक व्यवस्थित अभियान चलाने के बाद, भाजपा अब वही कर रही है। जितिन प्रसाद, आर.पी.एन. सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया और मिलिंद देवड़ा जैसे कांग्रेसी वंशवाद को भगवा खेमे में शामिल करके वह बहुत खुश है। हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी चुनावों में उम्मीदवारों की सूची इस तथ्य को और पुख्ता करती है कि भाजपा ने परिवारवाद को हतोत्साहित करने की अपनी घोषित नीति को खत्म कर दिया है। हरियाणा में भाजपा द्वारा जिन परिवार के सदस्यों को जगह दी गई, उनमें गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह राव भी शामिल हैं, जिन्हें उनकी पहली जीत के तुरंत बाद स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया गया। यही कहानी पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी की बेटी श्रुति के साथ भी है, जो अब हरियाणा में पहली बार मंत्री बनी हैं। उनकी मां को पहले राज्यसभा में जगह दी गई थी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया उन नेताओं के बच्चों, भाइयों और जीवनसाथियों की लंबी सूची में शामिल हैं जिन्हें भाजपा आगामी चुनावों में मैदान में उतार रही है। वहीं झारखंड में भाजपा की सूची में पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नियां मीरा और गीता मुंडा तथा पूर्व मुख्यमंत्री की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू शामिल हैं। पिछले सप्ताह जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तो कांग्रेस द्वारा किया गया भव्य प्रदर्शन अप्रत्याशित नहीं था। पार्टी के शीर्ष नेता पूरी ताकत के साथ मौजूद थे, वहीं दूसरी पंक्ति के कई नेता और कार्यकर्ता भी पार्टी के बड़े नेताओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वहां पहुंचे। लेकिन इस बड़े प्रदर्शन के बाद पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और अन्य इच्छुक लोगों को अनौपचारिक रूप से यह बता दिया गया है कि वे प्रियंका के प्रचार के दौरान वायनाड न जाएं ।

-अनिता कात्याल-

विभाजन करके सत्ता हासिल,पार्टियों को सबक सिखाएंगे

इस ऐतिहासिक सचाई का भी ध्यान रखने की जरुरत है कि जब भी भारत का समाज और नागरिक बंटते हैं तो देश का नुकसान होता है और बाहरी लोग फायदा उठाते हैं। भारत की भौगोलिक सीमा का सिकुड़ते जाना इसका एक उदाहरण है। एक समय भारत की सीमा का विस्तार पश्चिम में फारस यानी आज के ईरान और दक्षिण पूर्व में मलय द्वीप यानी आज के मालदीव से लेकर जावा, सुमात्रा, कंबोडिया और इंडोनेशिया तक था।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र के ठाणे में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे,जहां उन्होंने देश के नागरिकों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा था कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री के इस बयान की अलग अलग तरीके से और अलग संदर्भों में व्याख्यायित किया जा रहा है। लेकिन इसको समग्रता से देखने का प्रयास नहीं हो रहा है या ऐसे भी कह सकते हैं कि जान बूझकर इसके सबसे महत्वपूर्ण पक्ष को आम नागरिकों की नजरों से ओझल कर दिया जा रहा है। इसे ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है, जैसे यह सांप्रदायिक बात हो और यह किसी संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए समाज को विभाजित करने के उद्देश्य से दिया गया बयान हो। ऐसी ही व्याख्या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान की भी की जा रही है। असल में माननीय प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को ऐसे लोगों से सावधान रहने को कहा था, जो धर्म और जाति के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों से आगाह किया था, जो समाज को बांट कर देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगो से सचेत किया था, जो देश विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली बन गए हैं और देश की एकता व अखंडता के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।अगर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बयान को ही समग्रता से देखा जाए तो उनका आशय स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने पांच अक्टूबर को ठाणे के कार्यक्रम में कहा था- कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। आसानी से टुकड़े हो जाएंगे। इसलिए कांग्रेस और उसके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो, लोगों को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमें अतीत से सबक लेना है। हमें एकता को ही देश की ढाल बनाना है और हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है। पूरी दुनिया में जो लोग भारत को आगे बढने् से रोकना चाहते हैं, कांग्रेस अब खुलकर उनके साथ खड़ी है। इसलिए अपनी घोर असफलता के बावजूद कांग्रेस, सरकार बनाने का सपना देख रही है।वास्तविकता यह है कि माननीय प्रधानमंत्री ने देश के सामने प्रस्तुत एक वास्तविक खतरे की ओर संकेत किया है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां ईस्ट इंडिया कंपनी या उसके बाद ब्रिटिश शासन की तरह बांटो और राज करो' के सिद्धांत पर चल रही हैं। उनको किसी तरह से सत्ता हासिल करनी है तो वे देश और भारतीय समाज की संरचना को ही छिन्न भिन्न करने में लग गए हैं। इसके लिए कई तरह से जतन किए जा रहे हैं। कांग्रेस जो कभी राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व करने वाली और सभी जातियों व धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी थी वह आज अलग अलग राज्यों में घनघोर जातिवादी पार्टियों की पिछलग्गू बन गई है। वह प्रादेशिक पार्टियों के साथ मिल कर जातियों की पहचान को उजागर कर रही है और उस आधार पर समाज को बांटने का काम कर रही है। उसने

समावेशी राजनीति का रास्ता छोड़ दिया है। हैरानी की बात तो यह है कि हरियाणा में हाल के चुनाव में ही उसकी जातिवादी राजनीति को राज्य के लोगों ने पराजित किया फिर भी वह महाराष्ट्र और झारखंड में इसी तरह की राजनीति कर रही है। वह कहीं जाट राजनीति कर रही है तो कहीं मराठा तो कहीं आदिवासी राजनीति का दांव आजमा रही है। इसके उलट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की राजनीति सबको साथ लेकर चलने की है।असल में कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के जरिए एक अल्पसंख्यक वोट बैंक बनाया है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की इसी राजनीति की प्रतिक्रिया में पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मुकाबले जो हमारे साथ हम उनके साथ' का सिद्धांत अपनाने की सलाह दी। इससे यह भी संकेत मिलता है कि समाज के अंदर ऐसी सोच बनने लगी है कि जो देश के साथ होगा, समाज के साथ होगा, भारत के हितों के साथ होगा उसी का साथ, उसी का विकास और उसी पर विश्वास करना चाहिए।बहरहाल, कांग्रेस को पता है कि इस वोट बैंक के आधार पर वह चुनाव नहीं जीत सकती है तो उसने हिंदू समाज में जातीय विभाजन को बढ़ाने का प्रयास शुरू किया।ऐतिहासिक रूप से आदिवासी, दलित और पिछड़ी जातियों के साथ अन्याय करने वाली कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी अचानक उनके हितैषी बन गए। वे जातिगत गणना कराने और जातियों के लिए आबादी के अनुपात में आरक्षण की बात करने लगे, जबकि वास्तविकता यह है कि पहले उनकी दादी और फिर उनके पिता की सरकार ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लंबित रखा और लागू नहीं होने दिया। 2004 से 2014 के श्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी कांग्रेस ने उनके हित में कोई काम नहीं किया। 2011 की जनगणना में जाति की गिनती क्यों नहीं हुई इस सवाल का क्या जवाब है श्री राहुल गांधी के पास? परंतु सत्ता से बाहर होने के बाद बेचैनी इतनी बढ़ गई कि किसी न किसी तरीके से सामाजिक विभाजन बढ़ाने का प्रयास शुरू हो गया। ध्यान रखने की जरुरत है कि इसी तरह के सामाजिक विभाजन का लाभ उठा कर मीर कासिम से लेकर मोहम्मद गजनवी, गोरी और मुगलों ने और फिर अंग्रेजों ने भारत को लूटा और हमें गुलाम बना कर रखा। अगर फिर वही गलती दोहराई गई तो देश विरोधी ताकतें मजबूत होंगी। सामाजिक या जातीय विभाजन के साथ साथ एक अन्य खतरनाक प्रवृत्ति यह दिख रही है कि क्षेत्रीय अस्मिता के आधार पर भी विभाजन का प्रयास हो रहा है। ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है कि जैसे दक्षिण के राज्य भारत के साथ खुश नहीं हैं या उनके साथ गैर बराबरी का व्यवहार हो रहा है। अपने राजनीतिक फायदे के लिए कुछ प्रादेशिक पार्टियां भाषा और क्षेत्रीय अस्मिता को मुद्दा बना रही हैं। कांग्रेस, जो अब पूरी तरह से परजीवी बन गई है और जिसे प्रादेशिक पार्टियों के कंधे पर चढ़ कर राजनीति करनी है वह भाषा और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे को बढ़ा कर विभाजन कराने में जुटी है। सवाल है कि जब सदियों नहीं, बल्कि सहस्त्राब्दियों से अलग अलग भाषा, बोली और क्षेत्रीय पहचान के लोग भारत में रह रहे हैं तो अब अचानक इस आधार पर विभाजन के प्रयास का क्या उद्देश्य हो सकता है? अगर किसी का संकीर्ण उद्देश्य नहीं हो तो हिंदी बनाम तमिल या हिंदी बनाम कन्नड़, तेलुगू, मलायम का विवाद उत्पन्न करने का क्या कारण हो सकता है? यह ध्यान रखने की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, जिसकी बात कर रहे हैं वह जाति के आधार पर, भाषा के आधार पर, क्षेत्रीय अस्मिता के आधार पर विभाजन की बात है, जिससे बचना हर भारतवासी का कर्तव्य है।इस ऐतिहासिक सचाई का भी ध्यान रखने की जरुरत है कि जब भी भारत का समाज और नागरिक बंटते हैं तो देश का नुकसान होता है और बाहरी लोग फायदा उठाते हैं। भारत की भौगोलिक सीमा का सिकुड़ते जाना इसका एक उदाहरण है। एक समय भारत की सीमा का विस्तार पश्चिम में फारस यानी आज के ईरान और दक्षिण पूर्व में मलय द्वीप यानी आज के मालदीव से लेकर जावा, सुमात्रा, कंबोडिया और इंडोनेशिया तक था। अगर सिर्फ पिछली सदी की बात करें तो उसमें भारत से अलग होकर अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश यानी तीन देश बने हैं। क्या भारत ऐसे किसी और विभाजन को स्वीकार कर सकता है? ऐसे किसी भी विभाजन से देश को बचने की जिम्मेदारी हर भारतवासी की है। देश के विभाजन का प्रयास कर रही शक्तियों और उनके टूलकिट की पहचान भी हर नागरिक का उत्तरदायित्व है। यह समझाने की जरुरत नहीं है कि भारत विरोधी षड्यंत्र कहां कहां और किस किस तरीके से चल रहे हैं। कनाडा से लेकर ब्रिटेन और चीन से लेकर पाकिस्तान तक किसी न किसी स्तर पर भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं। कहीं से आतंकवादियों को भारत में प्रवेश कराया जा रहा है और निर्दोष नागरिकों की हत्या की जा रही है तो कहीं खालिस्तान के प्रयोग को हवा दी जा रही है। देश को अंदर से कमजोर करने के लिए अर्बन नक्सल' गिरोह अलग सक्रिय हैं, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सहायता कर रहे हैं।समय रहते इन खतरों को पहचानने और इनसे निपटने के उपाय करते रहने की आवश्यकता है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। आज वैश्विक स्तर पर भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर उभरा है तभी इसे अंदर से कमजोर करने की साजिशें भी तेज हो गई हैं। इसे रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसी का संकेत किया है। उन्होंने बांटो और राज करो' की नीति से नागरिकों को सावधान रहने की सलाह दी है। इस सलाह को गंभीरता से लेने की जरुरत है क्योंकि चिंता गंभीर भी है और वास्तविक भी। देश के नागरिक खुद ही समझदार हैं तभी उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष के बांटो और राज करो' के सिद्धांत को विफल किया और हाल में हरियाणा में भी किया। अब महाराष्ट्र और झारखंड में भी लोग विभाजन करके सत्ता हासिल करने के प्रयास करने वाली पार्टियों को सबक सिखाएंगे।

-एस. सुनील-

कविता
मैं कैसे मनाऊँ दीवाली

घटती-घटना
हितेश्वर बर्मन चैतन्य
विलाईगढ़ सारंगढ़ छत्तीसगढ़

महंगाई ने कर दिया है, मेरा जीना बुरा हाल।
जुबां खामोश है, बदल गयी है मेरी चाल।।
मैं कैसे दीवाली मनाऊं, कैसे मैं दीप सजाऊं।
बढ़ती महंगाई की, तकलीफ़ मैं कैसे छिपाऊं।।
रात्रि के अंधकार को, भला मैं कैसे भगाऊं।
सूनी पड़ी है रसोई मेरी, मैं आंगन कैसे सजाऊं।।
बढ़ती महंगाई से, मेरे लिए दिन भी रात हो गया है।
इससे छुटकारा दिलाने वाला, वो राम कहाँ चला गया है।।
मन में तो मेरे आशा है, पर हाथ में मेरे बस निराशा है।
महंगाई की चमक, कम न होती किसी ने इसे खुब तराशा है।।
मैं कैसे मनाऊं दीवाली, यहाँ तो हर तरफ अंधियारी छायी है।
मेरे ही घर के दीये चोरी कर,पड़ोसन ने घर -आंगन सजायी है।।
एक दिन के दीवाली से, भला इस संसार का क्या? होगा।
लोग छुट्टी मनाएंगे बस, बाद में फिर रावण का प्रचार होगा।।
यदि सच में लोग दीवाली मनाते, सबके मन में सत्य बसता।
राम को अपना आदर्श मानते, तो सच इतना बेबश न होता।।
कोई रास्ते पर चलते हुए, यूं ही प्यासा तड़प कर नहीं मरता।
दो घूंट पानी देने के लिए,कोई यूं ही झूठ नहीं बोलता।।
मैं भला किसके लिए, दीप जलाऊं अपना घर-आंगन सजाऊं।
इंसानियत का अकाल पड़ा है, मैं भला किस-किस को बताऊं।।
दीपों से घर -आंगन सजे हैं, रात में ये अधंकार कैसा।
मुंह में राम और बगल में छुरी,बात - बात में ये संस्कार कैसा।।
मैं उस दिन दीप जलाऊंगा, घर-आंगन मेरे भी सजाऊंगा।
इंतजार है उस दिन का, जब मैं सबके मन से द्वेष मिटाऊंगा।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

अमेरिकी चुनाव सचमुच धड़कन बढ़ाने वाला

यों कोई भी देश हार्ट अटैक से नहीं मरा करता। सभ्यता-संस्कृति अचानक मुर्दा नहीं बनती। सभ्यता-संस्कृति की मौत की वजह हमेशा असुरी-बर्बर सेनाएं हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप, हिटलर पैदा हो जाएं तो वह राष्ट्र विशेष बरबाद जरूर होगा पर मरेगा नहीं। बावजूद इसके अमेरिका में जरासंध यदि राष्ट्रपति हुआ तो उसका विभाजित और खोखला होना तय है। पुतिन, शी जिनफिंग, किम जोंग उन, तालिबानी आदि उन सभी असुरी शैतानों की पौ बारह होगी जो अवसर की प्रतिक्षा में हैं।याद रखें ट्रंप ने ही तालिबानियों को न्योत कर उनसे करार किया था। क्या परिणाम निकला? तालिबानी पूरे अहंकार से अफगानिस्तान में काबिज हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप उस सनक, उस अहमन्यता का प्रतीक हैं, जिसके मैं' में अमेरिका कैद होगा। उनको इस चुनाव में ईसाई कैथोलिक, कट्टरपंथी गोरों के धुव्रीकरण से शक्ति प्राप्त है। इसकी धुरी में यह विचार है कि कुछ भी हो जाए एक अश्वेत, महिला तथा मूल दक्षिण एशियाई चेहरे (सभ्यता-संस्कृति में बाहरी) को अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बनने देना है!तभी पिछले डेढ़ महीने में अमेरिका में वह होता हुआ है, जिसकी कल्पना नहीं थी। मैंने आम धारणा के विपरीत 2020 में डोनाल्ड ट्रंप बनाम बाइडेन के मुकाबले में



बाइडेन के जीतने की संभावना मानी थी। तब लिखते हुए मेरा तर्क था कि अमेरिका में स्वतंत्रता-बुद्धि का विवेक चुनाव में लौटा है। खतरे की चिंता में उन्हें हराने का भभका एक शक्ल पा गया है। वैसा इस बार भी, कमला हैरिस की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद था। और मेरा अब भी मानना है कि आम जनता के वोटों, पोपुलर वोट में कमला हैरिस की हवा होगी लेकिन वे इलेक्टोरल वोटों याकि राज्यवार विशिष्ट मतदाता समूहों के प्रतिनिधियों में ट्रंप से आगे रहेंगी, इसके शक है।ट्रंप का जीतना अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा और दुनिया के लिए बुरा। अमेरिका में ट्रंप उर्फ जरासंध का नए रूप, नई जिद्द से शासन होगा! वे देश के भीतर अपने दुश्मनों' से बदला लेंगे। अमेरिका को तेरे-मेरे में बांटेंगे। कट्टरपंथी गोरे, कैथोलिक ईसाई धर्म के नाम पर वह व्यवहार, वे प्राथमिकता बनाएंगे, जिससे अमेरिका का मूल आधार बिखरेगा! अमेरिकी सभ्यता-संस्कृति का मूल आधार व्यक्ति की स्वतंत्रता, सभी को समान अवसर तथा बुद्धि-ज्ञान-विज्ञान, उद्यमशीलता और सृजनात्मकता से समाज, प्रशासन तथा नागरिक जीवन का संचालन है। अमेरिकी राजनीति की खूबी है जो अनुदारवादी रिपब्लिकन और उदारवादी डेमोक्रेटिक दो पार्टियों में जनमानस के लिए समय-समय पर ऑल्टरनेटिव विकल्प उपस्थित होता है। और कोई भी राष्ट्रपति आठ वर्ष से अधिक व्हाइट हाउस में नहीं रह सकता। इसलिए सियासी प्रतिस्पर्धाओं, नेताओं के अहंकार के बावजूद न कोई राष्ट्रपति हमेशा के लिए चक्रवर्ती राज का जरासंध जैसा सपना पाल सकता है और न बुद्धि और लोक चेतना पर ताले लग सकते हैं।मैं रिचर्ड निक्सन-जेराल्ड फोर्ड और जिमी कार्टर के समय से अमेरिका के हर राष्ट्रपति चुनाव को ऑब्जर्वर करता रहा हूं।

-हरिशंकर व्यास-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

धनतेरस पर बाजार रहा गुलजार,करोड़ों का हुआ कारोबार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

धनतेरस पर मंगलवार को बाजार गुलजार रहा। देर रात खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। लोग अपनी मनपसंद सामानें खरीदते नजर आए। इलेक्ट्रॉनिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक मशीन, सोने चांदी, बर्तन सबसे ज्यादा खरीदी हुई। महंगाई के बावजूद बाजार में इसका असर नहीं दिखा। वहीं धनतेरस पर बाजार में खरीदारी हेतु उमड़ी भीड़ के कारण शहर के सभी प्रमुख मार्ग देर रात तक व्यस्त रहे, पुलिस यातायात व्यवस्था बनाने में जुटी रही।धनतेरस पर लोगों ने अपनी पसंद की चीजों पर दिल खोलकर खर्च किए। ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स व बर्तन दुकानों में सबसे ज्यादा भीड़ रही। शहर के सदर रोड, देवीगंज रोड, खरसिया रोड एवं मनेंद्रगढ़ रोड के दुकानों में अच्छे कारोबार के चलते देर रात तक भीड़ लगी रही। शहर के व्यवसायी धनतेरस के शुभ अवसर पर सुबह से ही अपनी-अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजा चुके थे। दोपहर तक बाजार में कुछ खास भी नहीं देखा गया, आम दिनों की तरह ही लोग बाजार में देखे गए। वहीं शाम होते ही बाजारों में लोग खरीदारी करने उमड़ पड़े। ऑनलाइन शापिंग के बढ़ते क्रेज के बावजूद इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में लोगों की भीड़ ने दुकानदारों को राहत पहुंचाई। वहीं टू व्हीलर का कारोबार हमेशा की तरह इस बार भी उछाल पर था। बाइक एवं स्कूटी जैसे वाहन शहर में 1 हजार से ज्यादा बिके। वहीं मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटाप, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य परंपरागत सामानों में भी करोड़ों की खरीदी हुई। शहर में धनतेरस पर करोड़ों का कारोबार होने का अनुमान है। जिले भर से आए लोगों ने जमकर खरीददारी की। सोने, चांदी के दामों में स्थिरता से आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने लोगों की भीड़ उमड़ी। महिलाएं जहां ज्वेलरी और रसोई के जरूरी बर्तनों, पूजा के सामानों की खरीदारी में लगीं रहीं। वहीं लोग इलेक्ट्रानिक्स सामान, दोपहिया, चारपहिया वाहनों की खरीदारी में लगे रहे। धनतेरस पर इस बार भी फर्नीचर व्यवसाय में चमक रही। पिछले कुछ वर्षों से लोग तरह तरह के फर्नीचर खरीदने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। धनतेरस के अवसर पर शहर में होने वाली भीड़ को लेकर पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। शहर के अंदर चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया था। केवल दो पहिया वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। इससे शहर में अव्यवस्था निर्मित नहीं हो सकी। हालांकि शाम को जब लोग ज्यादा संख्या में बाजार निकले तो भीड़ ज्यादा देखी गई।

आनंद हीरो व आनंद ऑटो मोबाइल्स शो रूम में दर्जनों वाहनों की बिक्री हुई है,यहां करोड़ों का कारोबार किया गया है। वहीं महामाया होण्डा शोरूम में बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन की बिक्री हुई। इसी तरह जगदम्बा आभूषण, जमुना अलंकार, सोना महल, परशुराम आभूषण, श्री राम ज्वेलर्स, कंचन ज्वेलर्स, अंबिका ज्वेलर्स, महामाया होंडा, शुभलक्ष्मी, बाबू भाई मोबाइल, पंकज मोबाइल, कोमाकी, कुमार्स, जैनसन, अम्बर लाइट, मुकेश पटाखा, श्री राम मार्बल, काबरा ग्रेनाइट, महामाया टीवीएस सहित अन्य दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इन सभी दुकानों में करोड़ों का कारोबार हुआ है।

कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घडी चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने कहा कि नई सरकार के आने के बाद पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में चिंताजनक बनी हुई है। बलौदाबजार, कवर्धा, सूरजपुर और बलरामपुर की हालिया घटनाएं ऐसी घटनाएं हैं जिसमें सीधे उस व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश के कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने की है। इस दौरान कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तिफा मांग की। पुतलादहन के दौरान महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि इस सरकार ने शांती के टापू छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था का बड़ा कारण प्रदेश में प्रशासनिक तौर पर अनुभवहीन लोगों का सत्ता सम्हालना है। प्रदेश के मुखिया और गृहमंत्री को चाहिए कि वे नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देकर ऐसे व्यक्ति को शासन सम्हालने दें जो कि शासन व्यवस्था को सम्हालने में सक्षम हो। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार डबल इंजन की कठपुतली सरकार है। यह सरकार बस उपर वाले इंजन के संकेत पर उनके पूजिपति मित्रों का हितसंवर्धन कर रही है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, अतुल तिवारी,दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, प्रमोद चौधरी, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, आशीष वर्मा,गुरुप्रीत सिद्धू, अशफाक अलि, अजय सिंह, आलोक सिंह, सतीश बारी, शुभम जायसवाल, नितिश चौरसिया, चंद्र प्रकाश सिंह, राजनीश सिंह, विकास गुप्ता, लवकेश पासवान, दिलिप धर, रामू घोष, विधान राय, निखिल विश्वकर्मा, आलोक गुप्ता, आतिश शुक्ला, दिनेश शर्मा, मो. इमरान, फैसल सिद्धकी, अमित सिंह, मिथुन सिंह, आशीष शील, रोशन कन्नौजिया, परवेज आलम गांधी, दिपेश धर, जगदीश मंडल, सतीश घोष, राहुल पटेल आदि मौजूद थे।

संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के 46 वें जन्मोत्सव पर 20 यूनिट रक्तदान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के 46 वें जन्मोत्सव के अवसर पर सदुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को क्तदान शिविर का आयोजन महर्षि सदुरु सदाफल देव आश्रम अजिरमा में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सहित कई देशों में किया गया। इस अवसर पर केक काटकर संत प्रवर विज्ञान देव महाराज का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संभाग के संयोजक कृष्ण कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व पर वृहद जानकारी देते हुए प्रेरित किया गया। इस दौरान 20 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में सुनील गुप्ता, दीपक जायसवाल, सागर गुप्ता, राजन गुप्ता, मुद्रिका दुबे, पेरिस सरकार, भगवान सिंह, दिलीप गुप्ता, अंजनी पटेल, अमित पटेल, सूर्यदेन सिंह, विवेक मिश्रा महेंद्र सिंह, लालसाय, जीतू राम, समीन साय नगेसिया, हेमंत पैंकरा, बाबूलाल नाग, कमलेश तिर्की एवं खिलेश्वर राम शामिल रहे। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को सम्मान प्रशस्ति प्रमाण पत्र शॉल एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। इस दौरान शशिकांत सिंह, कृष्ण कुमार ठाकुर, सुनील गुप्ता, डीपी गुप्ता, कमल कुमार, भास्कर सिंह, त्रिशान्त सिंह, संध्या सिंह, नगीना सिंह, सिंधु राजवाड़े, अंजुला मिश्रा, अजय, पृथ्वी पाल, आरएस मिश्रा, रविंद्र सिंह, ओंकार सिंह, सिद्धार्थ सिंह, जमुना विश्वकर्मा, रामचंद्र हीरालाल सिंह, झीरसाय पैंकरा, अभिषेक सोनी, जेपी गुप्ता, प्रीति पटेल, उमा गोस्वामी, कमली देवी, सुनीता नगेसिया, नीलमणि नाग सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया।

चोरी हुई मोबाइल के फोन पे से 50 हजार रुपए का आहरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

मजदूर का मोबाइल चोरी कर फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपए आहरण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है।

सुरेश गुप्ता अजिरमा गांधीनगर का रहने वाला है। वह रेलवे स्टेशन स्थित कैंटिन में मजदूरी का काम करता है। 22 अक्टूबर को पत्नी का मोबाइल लेकर बिलासपुर गया था। 23 अक्टूबर को अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन से वापस लौटा और रेलवे स्टेशन से अपने घर अजिरमा जाने के क्रम में उसका मोबाइल चोरी हो गया। 23 से 27 अक्टूबर के बीच उक्त मोबाइल में फोन-पे के माध्यम से खाते से 50 हजार रुपए आहरण कर लिया गया है। सुरेश गुप्ता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सूने मकान का ताला तोडक़र चोरों ने पार किए सोने-चांदी के जेवरात

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जूनाडीह में सूने मकान का ताला तोडक़र चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू कर दी है।

सहिफा खातून पति मो. युनूस खान लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जूनाडीह के रहने वाली है। वह 22 अक्टूबर को घर में ताला बंदकर शादी में शामिल होने मायके झारखंड गई थी। 26 अक्टूबर की सुबह 7 बजे सहिफा का जेठ अफशर खान फोन कर बताया कि तुम्हारे घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। जबकि उसके जेठ के अनुसार 25 अक्टूबर की रात 10 बजे तक सब ठीक था। चोरी की सूचना पर महिला घर आकर सामान का मिलान की तो अलमारी में रखे सोने का कान का कुंडल 1नग, सोना का झुमका 1नग, सोना का कान बाली 4 जोड़ा, गले का चेन लकेट 1 नग, सोना का नाक का कील 4 नग, सोना का नथ 1 नग, सोना का अंगुठी जेंस-लेडीस 4 नग, चदी का पायल 4 नग सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया है। सहिफा खातून ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाना में दर्ज कराई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जिला स्तरीय आवास मेला का भव्य आयोजन

- सांसद श्री चिंतामणि महाराज सहित विधायक गण हुए शामिल,
- 50 पहाड़ी कोरवा परिवारों को कराया गया गृह प्रवेश
- हितग्राहियों के साथ बैठ कर सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने किया भोज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों के पक्के आशियाने के सपने को साकार करने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस दिशा में सशक्त प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जन के सपने के पूरे होने की इस खुशी को भव्य उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत मंगलवार को जिले के लुण्ड्रा विकासखंड के पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहट लालमाटी में जिला स्तरीय आवास मेला आयोजित किया गया, जहां लोक संस्कृति का अनुसरण कर करमा के गीतों पर थिरकते हुए समूह द्वारा यह उत्सव भव्य बना। इस आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद एवं बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार शामिल हुए। इस आवास मेला उत्सव के दौरान सांसद, विधायक गण एवं कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों के साथ जमीन में बैठकर ग्रामीण अंदाज में भोज का लुत्फ भी उठाया।

जिला स्तरीय आवास मेला के अवसर पर सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने आवास योजना के तहत पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को आवास मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने हेतु पीएम जनमन जैसी कल्याणकारी योजना की शुरुआत की और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश और जिले में योजना का बेहतर संचालन किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना में विभिन्न योजनाओं को समाहित किया गया हैं जिसके तहत पहाड़ी कोरवा बसाहटों में विभिन्न सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं जिनमें आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते, बीमा योजनाएं, सड़क निर्माण, पेयजल, आवास, विद्युत, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाए जा रहे हैं। आज आवास मेला में आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, गृह प्रवेश और भूमि पूजन किया जा रहा है। पहुँचविहीन क्षेत्रों में रहने वाली पहाड़ी कोरवा परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन है कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई सेवा का लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में दरिमा एयरपोर्ट की शुरू की गई है। भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत इसे शामिल किया गया है जिससे आदिवासी बहुल सरगुजा उड़ान सेवा के नक्शे में आ चुका है। उन्होंने इस दौरान सभी लोगों से नशे का साथ छोड़ने और बेहतर भविष्य हेतु आगे बढ़ने की भी अपील की। उन्होंने स्वसहायता समूह की दीदियों को भी आर्थिक रूप से आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। लखपति दीदी के साथ सामान्य समूह की महिलाएं भी सबल हो रही हैं जिससे वे अपने परिवार के बेहतरी के लिए योगदान दे रही हैं।

लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने कहा कि लालमाटी में बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं, आज उनके साथ यहां आवास मेला उत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय परिवारों के बेहतर जीवन के लिए योजनाएं बनाई। इसी तरह उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष रूप से पीवीटीजी परिवारों के पक्के घर हेतु प्रयास किया और आज पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए योजन के तहत आवास तैयार किए जा रहे हैं। जनमन योजना शुरू करके एक योजना में सभी विकास योजनाओं को शामिल कर पीवीटीजी परिवारों को लाभ दिलाया जा रहा है।

सीतापुर विधायक श्री राम कुमार टोप्पो ने इस अवसर पर लोक गीत के साथ आवास के विचार को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आवास का गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ मजबूत निर्माण हो। आवास निर्माण हेतु यदि किसी तरह की राशि की मांग की जाती है तो इसकी शिकायत करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। पहाड़ी कोरवा परिवारों के सहयोग एवं उत्थान के लिए शासन और प्रशासन उनके साथ है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने भी सभी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद ने भी मौजूद हितग्राहियों और ग्रामीणों को संबोधित किया।

50 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र सौंपकर कराया औपचारिक गृह प्रवेश,हितग्राहियों में दिखा बेहद उत्साह

जिला स्तरीय आवास मेला में अतिथियों द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया, साथ ही उनका औपचारिक गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि द्वारा एक हितग्राही के आवास का भूमिपूजन भी किया गया। सांसद एवं विधायक गण ने पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों के नवनिर्मित आवास में जाकर उनसे मुलाकात की और हितग्राहियों के साथ फीता काटकर आवास सौंपा। हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कृषि विभाग अंतर्गत हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं बीज का वितरण एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। सांसद एवं विधायक गण द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत माताओं की गोदभराई एवं शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ श्रीमती नेहा सिंह, एपीओ श्रीमती स्वेच्छा सिंह, जिला समन्वयक आवास योजना श्री शशांक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का हुआ आयोजन

- कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को किया रवाना,
- बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित अधिकारियों, आम नागरिकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए लगाई दौड़

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में दीपावली त्यौहार के मद्देनजर मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। आयोजित दौड़ में अधिकारी-कर्मचारियों, आम नागरिकों, स्कूली छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई।

रन फॉर यूनिटी के तहत कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने मल्टीपरपज स्कूल से एकता दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।यह दौड़ प्रातः 08:00 बजे शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण से आरम्भ होकर गुरु नानक चौक, महामाया चौक होते हुए पुनः शासकीय बहु.उ.मा. विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देशवासियों के बीच इस संदेश फैलाने का प्रयत्न करने। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की शपथ दिलाई।

सिनवार के खात्मे से गाजा में...रोष

इजरायल की पैरवीं पर अमेरिका को दो मुस्लिम राष्ट्रों ने ही धमकाया

तेल अवीव/ वाशिंगटन, 29 अक्टूबर 2024। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को एक साल से अधिक का समय हो गया है। इतने लंबे वक्त बाद भी इजरायल के हमास के खिलाफ मंसूबे पूरे नहीं हो पाए हैं। न तो हमास का पूर्ण खात्मा हो पाया और न ही पिछले साल 7 अक्टूबर को बंधक बनाए गए उसके लोगों की घरवापसी हो पाई। गाजा में भीषण नरसंहार के बाद दुनियाभर के तमाम देश युद्धविराम का आह्वान कर रहे हैं। इजरायल को हथियार सप्लाई कर रहा अमेरिका भी अब गाजा में युद्धविराम चाहता है। अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है कि गाजा में आम लोगों की जान बच जाए। इस कोशिश में अमेरिकी अधिकारियों ने इजरायल की तरफ से एक बार फिर कतर और मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की और हमास को मनाने की मांग दोहराई, लेकिन इन दोनों राष्ट्रों ने उलटा अमेरिका को ही धमका दिया।

याह्या सिनवार के खात्मे के बाद से मुस्लिम राष्ट्र कतर और मिस्र अमेरिका और इजरायल पर भड़के हुए हैं। रिपोर्ट है कि इन दोनों राष्ट्रों ने अमेरिका को धमकी भरे लहजे में कहा है कि सिनवार की मौत के बाद गाजा में युद्धविराम अब नामुमकिन ही समझो।

टाइम्स ऑफ इजरायल ने दो अमेरिकी अधिकारियों और एक अरब राजनयिक के हवाले से कहा कि कतर और मिस्र ने पिछले सप्ताह अमेरिका को चेतावनी दी कि इजरायल द्वारा हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या से इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के समझौते के प्रयास लगभग नामुमकिन से हो गए हैं। जो बाइडेन प्रशासन ने आईडीएफ द्वारा 16 अक्टूबर को सिनवार की हत्या को बंधक वार्ता में सफलता के अवसर के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया था। साथ ही तर्क दिया था कि हमास नेता सिनवार समझौते में मुख्य बाधा था। हालांकि सिनवार की मौत के बाद से युद्धविराम को लेकर हमास ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

अमेरिका पर भड़के कतर और मिस्र

अमेरिकी की सिनवार को लेकर दलील पर कतर और मिस्र नाखुश नजर आए। उन्होंने तर्क दिया कि सिनवार की मौत से हमास में नेतृत्व की कमी पैदा हो गई है, जिसे आतंकवादी समूह के लिए भरना मुश्किल होगा। कतर और मिस्र ने अमेरिकी अधिकारियों के जरिए अपना संदेश अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन को पहुंचा दिया है। ब्लिंकन बाइडेन की तरफ से हमास और इजरायल के बीच युद्धविराम की कोशिश कर रहे हैं। मिस्र और कतर के अधिकारियों ने बताया कि सिनवार गाजा में सभी गुटों की निष्ठा बनाए रखने में कामयाब रहा है, जिसमें फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद जैसे आतंकवादी समूह भी शामिल हैं, जिसने शेष 101 इजरायली बंधकों में से कुछ को बंधक बना रखा है।

बलूचिस्तान में बांध निर्माण स्थल पर फायरिंग, पांच मजदूरों की मौत और दो घायल; पुलिस ने शुरू की जांच

कराची,29 अक्टूबर 2024। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के पंजगुर जिले में एक बांध निर्माण स्थल पर फायरिंग हुई। इसमें पांच श्रमिकों की मौत हो गई। जबकि दो मजदूर घायल हो गए। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इसे अलगाववादी हमला माना जा रहा है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि पंजगुर जिले के पारुम इलाके में चल रहे बांध निर्माण कार्य स्थल पर आतंकियों ने सुरक्षा अधिकारियों और मजदूरों पर हमला किया। हमले में पांच लोग मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और अधिकारी हमला स्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने की हमले की निंदा

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने हमले को अक्षम्य बताया और कहा कि अपराधियों को कठोर दंड दिया जाएगा। बलूचिस्तान की प्रगति को रोकने के लिए की जा रहीं आतंकी गतिविधियां सफल नहीं होंगीं। इस मामले के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

गुड्डों का देश

इस गांव में कठपुतलियों की आबादी इंसानों से ज्यादा,वजह जान सोचने पर होंगे मजबूर

जापान,29 अक्टूबर 2024। जापान के छोटे से एक गांव को देख शायद आप यहीं सोचें कि आप गुड्डों के देश में पहुंच गए हैं। यह गांव एक, दो नहीं बल्कि दर्जनों कठपुतलियां से भरा पड़ा है। हालांकि यह सिर्फ सजावट के लिए नहीं है। स्थानीय लोगों ने इसे अपने अकेलेपन को दूर करने का जरिया बनाया है। इचिननो नाम के इस गांव की कहानी दिलचस्प है। बेहतर जीवन की तलाश में लोग एक-एक कर इस गांव को छोड़कर जाने लगे। धीरे धीरे गांव खाली होने लगा। इसके बाद लोगों ने उनकी याद में सजीव पुतलों को रखना शुरू कर दिया। इस गांव में अब 60 से भी कम लोग बचे हैं जिनमें से ज़्यादातर रिटायर हो चुके हैं।

युवा लोगों के काम और शिक्षा की तलाश में शहर चले जाने के बाद गांव धीरे-धीरे वीरान हो गया था। इस खालीपन को दूर करने के लिए गांववालों ने अपने प्रियजनों की तरह दिखने वाली रंगीन कठपुतलियों को बनाना शुरू किया। वे इन्हें पुराने कपड़ों की मदद से बनाते हैं और इसे गांव में अलग-अलग जगहों पर रख देते हैं। कठपुतलियों की आबादी गांव में रहने वाले लोगों से ज़्यादा हो चुकी है। 88 साल की विधवा हिसायो यामाजाकी ने बताया कि इचिनोनो में एक समय बच्चों के साथ बड़े परिवार रहते थे अब वह गांव से बाहर जाकर पढ़ाई करते हैं। उन्होंने कहा,हम इसकी कीमत चुका रहे हैं।÷ गांव में जगह जगह पर बच्चों की बच्चों की तरह दिखने वाली कठपुतलियों को रखा गया है। यहां वयस्कों के पुतले भी हैं।

20 साल बाद पहला बच्चा हुआ पैदा

हालांकि अकेलेपन से जूझते इस छोटे से गांव के लिए सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। कोरोना महामारी के बाद हाल ही में एक नया जोड़ा यहां आया। इस शादीशुदा जोड़े ने बड़े शहर में अपना जीवन छोड़कर इचिनोनो में एक शांत जिंदगी जीने का फैसला किया। इसके बाद गांव में 20 साल बाद पहला बच्चा पैदा हुआ। गांव में यह बच्चा एक सेलिब्रिटी की तरह है। उनके पिता ने AFP को बताया, यहां पैदा होने से ही हमारे बेटे को इतने सारे लोगों के प्यार मिला है।

लगातार घट रही जापान की जनसंख्या

जापान इन दिनों जनसंख्या में गिरावट के संकट का सामना कर रहा है। देश की आबादी में अब 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों का प्रतिशत दुनिया में सबसे अधिक है। जापान की जनसंख्या लगातार घट रही है। 65 साल से अधिक लोगों की संख्या अब रिकॉर्ड 36.25 मिलियन तक पहुंच गई है, जो कुल जनसंख्या का लगभग 30% है। देश की कुल जनसंख्या 2023 में लगातार 15वें साल घटी। इस दौरान यहां सिर्फ 7, 30,000 बच्चे ही पैदा हुए।

लेबनान में नईम कासिम की ताजपोशी के तुरंत बाद धावा,हिजबुल्लाह ने हूतियों संग इजरायल को दहलाया



तेल अवीव,29 अक्टूबर 2024। लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के खात्मे के बाद उनके भाई हाशेम सिद्दीकी को गद्दी मिलने वाली थी, लेकिन इजरायल ने कुछ ही दिनों में सिद्दीकी का भी खेल खत्म कर दिया। मंगलवार को हिजबुल्लाह ने अपने डिप्टी नईम कासिम को सर्वेसर्वा घोषित कर दिया है। कासिम की ताजपोशी के तुरंत बाद हिजबुल्लाह ने इजरायल पर धावा बोला है। हिजबुल्लाह ने अकेले नहीं यमन के हूती विद्रोहियों के साथ मिलकर इजरायल को दहलाया। उत्तर में हिजबुल्लाह तो दक्षिण में हूतियों ने इजरायली शहरों पर बमबारी की। हिजबुल्लाह, हमास और हूती सभी को ईरान का समर्थन प्राप्त है। हिजबुल्लाह ने इजरायली शहरों पर कम से कम 50 रॉकेट छोड़े। हूतियों ने यमन से इतने ही मिसाइलें छोड़ी। इजरायल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) मंगलवार को बताया कि लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा दागे गए रॉकेटों की बौछार नहरिया शहर में गिरी। इस हमले में कम से कम एक की मौत हो गई। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि बमबारी में लगभग 50 रॉकेट दागे गए,जिनमें से कुछ को रोक दिया गया। इजरायली सेना ने हमले के बाद बयान में कहा कि हमलों के बाद शहर की कई इमारतों और इलाकों को नुकसान हुआ है। इजरायली सेना अभी भी हमले के बाद नुकसान का आकलन कर रही है।

हिजबुल्लाह ने 50 से ज्यादा रॉकेट दागे

एमडीए ने कहा कि घटनास्थल पर कई अन्य लोग बुरी तरह घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भर्ती किया गया है। सोशल मीडिया पर हवाई हमलों के कई वीडियो सामने आए हैं। फुटेज में हमले का जवाब देने के लिए कई आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइलों को दागा गया। यह घातक हमला मंगलवार की सुबह लेबनान और यमन दोनों ओर से इजरायली शहरों पर किया गया। हमलों का निशाना उत्तरी और दक्षिणी इजरायल के नहरिया और अश्कलोन शहरों में हुआ।

हूतियों के हमलों से कितना नुकसान

सुबह करीब 7 बजे दक्षिणी तटीय शहर अश्कलोन में यमन से ड्रोन हमले हुए। हमलों के साथ ही शहरों में सायरन बजने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ड्रोन को शहर के एक रिहायशी इलाके से सटे खुले इलाके में गिरते हुए देखा गया। आईडीएफ ने अनुमान लगाया है कि विस्फोटक ड्रोन यमन से लॉन्च किया गया था। हालांकि, हूतियों ने हमले की तुरंत जिम्मेदारी नहीं ली है। इस हमले से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आगजनी और इमारतों को काफी नुकसान हुआ है। आईडीएफ इस बात की जांच कर रहा है कि वह ड्रोन को मार गिराने में क्यों विफल रहा।

हूतियों ने पिछले वर्ष से इजरायल पर 220 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिनमें से अधिकतर इजरायल के दक्षिणी शहर ईलात की ओर दागे गए हैं। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे ये हमले गाजा में फिलिस्तीनियों पर इजरायली सेना द्वारा किए जा रहे जुल्म के प्रतिशोध में किए गए हैं। हूती हमास का समर्थन करता है।

अस्पताल परिसर से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराकर बेटे का इलाज करा रहे व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है।

कन्हाई राजवाड़े ग्राम नेवरात सूरजपुर का रहने वाला है। वह 20 अक्टूबर को अपने बेटे का इलाज कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। इस दौरान वह अपनी बाइक सीजी 15 डीबी 7899 को अस्पतल परिसर में खड़ा किया था। 24 अक्टूबर की शाम 7.30 बजे उसकी बाइक अस्पताल परिसर में ही थी। इसके बाद रात 8 बजे देखा तो उसकी बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। वह मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जब भारत की घुड़सवार सेना ने 'इजरायल' को कराया आजाद

भालों से किया मुस्लिम शासन का अंत

इजरायल, 29 अक्टूबर 2024। इजरायल दुनिया का एकमात्र यहूदी देश है। लेकिन आज जहां पर इजरायल है वहां कई दशकों पहले मुस्लिम शासन था। इजरायल का गठन 14 मई 1948 को हुआ था। इस दिन यहूदियों के नेता डेविड बेन-गुरियन ने इजरायल को एक स्वतंत्र यहूदी राज्य के रूप में घोषित किया, और इसे "State of Israel" नाम दिया गया। इजरायल के बनने से 30 साल पहले यहां एक ऐसा युद्ध हुआ जिसमें भारतीय सेना ने अहम भूमिका निभाई। इसे हाइफा की लड़ाई (Battle of Haifa) के नाम से जाना जाता है।

हाइफा की लड़ाई (Battle of Haifa) प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 23 सितंबर 1918 को लड़ी गई थी। इस युद्ध में ब्रिटिश भारतीय सेना की जोधपुर लांसर्स ने तुर्की साम्राज्य के नियंत्रण वाले शहर हाइफा (वर्तमान इजरायल) को मुक्त किया था। हाइफा की यह लड़ाई इतिहास के पन्नों में इसलिए भी विशेष स्थान रखती है क्योंकि यह अंतिम बार था जब कैवलरी (घुड़सवार सेना) द्वारा बड़ी विजय प्राप्त की गई।

क्या था पूरा मामला?

प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) में मुस्लिम तुर्क साम्राज्य ने जर्मनी का साथ दिया था। मिडिल ईस्ट में स्थित तुर्क साम्राज्य के क्षेत्रों को ब्रिटिश सेनाओं द्वारा निशाना बनाया गया, जिनमें से एक था हाइफा शहर, जो अपने बंदरगाह के लिए महत्वपूर्ण था। भारतीय

सैनिक भी ब्रिटिश सेना के साथ शामिल थे, जिसमें जोधपुर और मैसूर लांसर्स का विशेष योगदान रहा।

हाइफा की लड़ाई का आयोजन और रणनीति

लॉर्ड एलनबी के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने हाइफा पर कब्जा करने की योजना बनाई थी। इस लड़ाई को ÷मैगिडो अभियान÷ भी कहा जाता है। यह तीन मुख्य स्थानों हाइफा, नजारेथ और मेगिडो पर केंद्रित थी। जोधपुर लांसर्स को हाइफा पर कब्जा करने की जिम्मेदारी दी गई। 23 सितंबर 1918 को, जोधपुर लांसर्स के सैनिकों ने अपनी तलवारों और भालों के साथ तुर्की और जर्मनी की सशस्त्र मशीनगन से लैस सेना पर आक्रमण किया। जोधपुर लांसर्स के पास आधुनिक हथियार नहीं थे, लेकिन उनके साहस और घुड़सवारी कौशल ने इस कमी को पूरा कर दिया।

रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण बिंदु

हाइफा बंदरगाह पर कब्जा करना ब्रिटिश साम्राज्य के लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि यह उनके व्यापार मार्गों के लिए एक प्रमुख केंद्र था। हाइफा की लड़ाई में विजय प्राप्त करने से ब्रिटिश साम्राज्य ने तुर्कों को महत्वपूर्ण मोर्चे से पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

जोधपुर लांसर्स की वीरता

जोधपुर लांसर्स ने अपने भालों और तलवारों से सुसज्जित होकर दुश्मन की मशीनगन और मोर्टार का सामना किया। इस टुकड़ी का नेतृत्व मेजर ठाकुर दलपत सिंह ने किया, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक मोर्चा संभाले रखा। इस युद्ध में ठाकुर दलपत सिंह वीरगति को प्राप्त हुए और उन्हें मरणोपरांत मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया।

विजय का प्रभाव और मान्यता

इस युद्ध में विजय के बाद जोधपुर लांसर्स की शौर्यगाथा पूरे ब्रिटिश साम्राज्य में चर्चित हो गई। इसके सम्मान में हर साल 23 सितंबर को भारतीय सेना में हाइफा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। यह दिन जोधपुर लांसर्स के साथ-साथ उस अद्वितीय साहस की याद दिलाता है जिससे उन्होंने विदेशी भूमि पर भारतीयों का नाम ऊंचा किया।

हाइफा के युद्ध स्मारक

आज भी हाइफा में भारतीय सैनिकों के योगदान को याद करने के लिए एक युद्ध स्मारक है। इसे हाइफा वॉर मेमोरियल कहा जाता है, जो उन सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने हाइफा को मुक्त कराने में अपनी जान गंवाई थी। हाइफा की लड़ाई न केवल भारतीय सेना के साहस और रणनीति का प्रतीक है बल्कि यह दिखाती है कि भारतीय सैनिकों ने विश्व स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

बिहार के सासाराम से बरामद हुईं 4 दिन से गुम नाबालिग लड़कियां

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

4 से गायब दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने बिहार के सासाराम से बरामद कर परिजन को सौंप दिया है। दोनों नाबालिग लड़कियों केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। दोनों 25 अक्टूबर की सुबह अपने-अपने घर से स्कूल जाने निकलीं थीं पर स्कूल न जाकर सासाराम बिहार चलीं गईं थीं।

शहर के एमजी रोड व एक ग्रामीण क्षेत्र की दो लड़कियां आपस में दोस्त हैं। दोनों केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा 8वीं में पढ़तीं हैं। 25 अक्टूबर की सुबह दोनों स्कूल जाने निकलीं थी। पर स्कूल न जाकर कहीं और चलीं गईं थीं। इधर दोनों लड़कियां स्कूल से जब वापस घर नहीं लौटीं तो परिजन उनकी तलाश शुरू की। स्कूल जाकर पता किया तो बताया गया कि दोनों लड़कियां घटना दिवस स्कूल ही नहीं पहुंचीं थी। दोनों के परिजन ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने 29 अक्टूबर का दोनों को सासाराम बिहार से बरामद किया है। दोनों लड़कियां सासाराम चाइल्ड लाइन में थीं। एएसपी अमोलक ड्क्षसह ढिल्लों ने बताया कि बरामद कर दोनों बच्चियों को परिजन को सौंप दिया गया है। विशेष पूछताछ की जाएगी। आगे जो भी मामला सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।

लखनपुर नगर पंचायत में कुत्तों का आतंक कुत्ते के हमले से 4वर्षीय बच्चे सहित 3 घायल

- संवाददाता -
लखनपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र में इन दिनो आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। लखनपुर नगर पंचायत के अलग अलग वार्डों में घर के बाहर खेल रहे 4 वर्षीय बच्चे सहित 3 लोग कुत्तो हमले से घायल हो गए। कुत्ते के हमले से 4 वर्षीय आदित्य लहुलवान हो गया था। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेजेस अस्पताल रेफर

किया गया था। वहीं कुत्ते के काटने से घायल लखनपुर के जुबेदा खातून 17 वर्ष, जुनैरा अली 9 वर्ष, लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार उपरांत अपने घर लौटे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने आवारा कुत्तों को शहर से दूर भगाने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही नगरीय प्रशासन द्वारा नगर में आवारा कुत्तों पर नियंत्रण हेतु आवश्यक पहल की जा रही है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों की दी जानकारी

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में प्रारंभिक प्रकाशन

-संवाददाता-
एमसीबी,29 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची के संबंध में वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाता है। जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा इस वर्ष के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संबंध में आज 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के सभी 388 मतदान केन्द्रों में किया जा गया है, जहां सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देख सकेंगे। सभी मतदाता अपनी जानकारी ऑनलाइन वोटर पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप्प व बी.एल.ओ. के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगें। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दोनों विधानसभा को मिलाकर कुल मतदाता 314388 है। महिला 158165, पुरुष 156217 तृतीय लिंग 6 है, जिसमें से दिव्यांग मतदाता 3800 पंजीकृत हैं। विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत में कुल मतदाता 177921 हैं। महिला मतदाता 90219, पुरुष मतदाता 87692, तृतीय लिंग 05 है, जिसमें दिव्यांग मतदाता 2770 हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 02 मनेन्द्रगढ़ में कुल मतदाता 136467 मतदाता हैं। महिला मतदाता 67946, पुरूष मतदाता 68520, तृतीय लिंग 1 है जिसमें दिव्यांग मतदाता 1030 हैं। जिले में सेवा निर्वाचकों में पुरूष मतदाता 305, महिला मतदाता 8, इस प्रकार कुल 313 सेवा निर्वाचक मतदाता हैं। आयोग द्वारा किसी भी मतदान केन्द्रों में कोई परिवर्तन नही किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के सापेक्ष, 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 व 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाले नागरिकों के अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किये गये हैं। 18-19 आयु वर्ग के मतदाता 10504 पंजीकृत है। कुल 2058, 85+ आयु वर्ग के मतदाता पंजीकृत है। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा एवं आपत्ति करने की अवधि 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक, विशेष अभियान की तिथियाँ 09 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर 2024 तक, दावों एवं आपत्तियों का निपटान 24 दिसंबर 2024 तक, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और कमीशन प्राप्त करने तथा अंतिम प्रकाशन की अनुमति डेटाबेस को अपडेट करना और पूरक सामग्री का मुद्रण करना की तिथि 01 जनवरी 2025 तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाना है। मतदाताओं को निर्वाचन नामावली में नाम का पंजीकरण, निर्वाचन नामावली में उनके विद्यमान विवरणों में सुधार करने तथा स्थानांतरित और परिवार के मृत सदस्यों के नाम को हटाने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए दिनांक 09, 10, 16 व 17 नवम्बर को विशेष अभियांन प्रारंभ की जाएगी। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा आपत्ति 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक किया जा सकता है। अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निःशुल्क 1 प्रति फोटो सहित हार्ड कॉपी व फोटो रहित सॉफ्ट कॉपी एवं सेवा निर्वाचकों के प्रकाशन की प्रति प्रदाय किया गया है। उक्त बैठक में भाजपा से श्री आशीष मजूमदार, बीएसपी से श्री हरिशंकर एवं श्री राजू गोयंकर, आम आदमी पार्टी से श्री विकास पाण्डेय, व इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्री सौरभ मिश्रा उपस्थित हुए।

पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रक्षित केन्द्र और अग्रसेन कॉलेज में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

-संवाददाता-
कोरबा 29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस स्मृति दिवस (21 अक्टूबर) से राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) तक पुलिस झंडा दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिसमें पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर रक्षित केंद्र में और कॉलेज में सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेल कूद, मेहंदी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रक्षित केन्द्र और अग्रसेन कॉलेज में 'राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका' विषय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे सेमिनार, व्याख्यान, चित्रकला, खेल कूद, दौड़, गोला फेंक, और रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार के सदस्यों और कॉलेज विद्यार्थी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया ।

एकता दौड़ के माध्यम से भारत की एकता को मज़बूत करने की पहल

जिला अध्यक्ष,कलेक्टर एवं एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दौड़ में हुए शामिल

-संवाददाता-
एमसीबी,29 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) में जिले के जनप्रतिनिधी, बच्चे, युवा, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। यह एकता दौड़ मनेंद्रगढ बस स्टैण्ड के पास शहीद भगत सिंह चौक से प्रारंभ होकर पुलिस ग्राउण्ड आमाखेरवा में समाप्त हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया और दौड़ में शामिल हुए। इन्होंने पुलिस ग्राउण्ड आमाखेरवा में आयोजित समापन कार्यक्रम में धावकों को संबोधित किया। सर्व प्रथम जिला अध्यक्ष

अनिल केशरवानी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा देश की एकता और अखण्डा को एक बनाये जाने के प्रयास पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने भारत की 562 छोटी-बड़ी रियासतों को भारतीय संघ में मिलाकर भारत को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने रियासतों को भारतीय संघ से जोड़ने के लिए राजी किया। इस काम को करने के लिए उन्हें सैन्य बल की ज़रूरत नहीं पड़ी। उनकी सोच और दूरदर्शिता के कारण ही भारत एक हो सका है इसलिए सरदार पटेल को ÷भारत का लौह पुरुष÷ कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एकता दिवस का आयोजन 29 अक्टूबर को किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें देश के महापुरूषों को पढ़ने और समझने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। आज उनके द्वारा किये गये योगदान को याद करने के लिए एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना तन मन धन सब कुछ देश पर न्यौछावर कर दिया। ऐसे महानायकों के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

जिला अध्यक्ष, कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा एकता दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एकता दौड़ मोमेंटो प्रदाय किया गया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सुशीला, द्वितीय स्थान अनुष्का सोनी एवं तृतीय स्थान पर शालिनी विश्वकर्मा रही। इस प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान सुखनदंन, द्वितीय स्थान शिवनारायण एवं तृतीय स्थान पर सालवेशन टोप्पो रहे। इस दौरान कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने समस्त उपस्थित धावकों को भारत की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई।समापन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सी.एस. पैकरा, परियोजना निदेशक डीआरडीए नितेश उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, जिला खेल अधिकारी गोपाल सिंह, खनिज अधिकारी, नगर पंचायत सीएमओ, जनपद सीईओ वैशाली सिंह,आशीष मजूमदार, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, गणमान्य नागरिक सहित अनेक स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला खेल अधिकारी गोपाल सिंह ने किया वही कार्यक्रम में आये हुए सभी धावकों का जिला शिक्षा अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

विभागीय प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

5 नवम्बर मनाया जाएगा राज्य स्थापना दिवस

-संवाददाता-
जशपुरनगर,29 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

राज्य शासन के द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 01 से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किए जाएंगे। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसदों, विधायकगण, जन-प्रतिनिधि को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिया हैं।

राज्य स्थापना दिवस दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों में किए जाएंगे रोशनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर से 6 नवंबर तक सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय के आदेश जारी किये गये है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने निर्देशानुसार जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में 1 नवंबर से 6 नवंबर तक रात्रि में रोशनी करने कहा है। इस व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बालको में लगाया दिवाली बाजार

-संवाददाता-
कोरबा,29 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

बालको,उन्नति परियोजना के अंतर्गत 27 से 29 अक्टूबर 2024 तक बालको टाउनशिप के कोऑपरेटिव परिसर में दिवाली बाजार लगाया गया है। बाजार में दिवाली से जुड़ी सभी सामाग्री विक्रय के लिए उपलब्ध है जो दिवाली की खरीदारी के लिए एक आदर्श स्थान है। हर खरीदारी एसएचजी महिलाओं की %आँगन से आसमान% तक की प्रेरणादायक यात्रा को प्रोत्साहित करती है। कंपनी की 'उन्नति' परियोजना जो महिला स्व-सहायता समूह (एसएचजी) को सशक्त बनाने और संगठित करने का कार्य कर रही है। एसएचजी महिलाओं ने अनेक स्टॉल लगाया है। डेकोराती स्टॉल पर छत्तीसगढ़ से जुड़ी कला संस्कृति को दर्शाते हुए म्यूरल, गोंकरा, लिप्पन एवं वारली कला के साथ गणपति और सुसज्जित मग इत्यादि उपलब्ध है। दिवाली के रोशनी भरें त्यौहार को देखते हुए नैनो एंटरप्राइज के स्टॉल पर झालर लाइट, दीया, बाती और रंगोली भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही एसएचजी महिलाओं द्वारा बनाएं झाड़ू, कपड़े के बैग भी देखने को मिलेगे। दिवाली बाजार में उनाटी स्टॉल पर चाय, कॉफी, फ्रेंच फ्राइज, शेक और मोमोज के जायके साथ छत्तीसा स्टॉल पर चॉकलेट, नारियल लड्डू, गुलाब पेड़ा, ड्राई फ्रूट चॉकलेट, सलोनी, खाजा, पपची और ठेठरी भी उपलब्ध है। फूड स्टॉल पर समोसा और पकौड़े खाने को मिलेगा। बाजार में सबसे आकर्षित मुशएक्स स्टॉल पर मशरूम से बनी पुलाव, रोल, सूप भी पीने के लिए उपलब्ध है। इसी तरह समुदाय की अन्य महिलाएं भी उन्नति परियोजना से जुड़कर राखी, गुलाल तथा लक्ष्मी एवं गणेश की मूर्ति बनाने के कौशल से खुद को आर्थिक रूप से मजबूत किया है। बालको ने 12 उत्पाद के साथ 7 सूक्ष्म उद्यम इकाइयाँ स्थापित की हैं। कंपनी अपने संयंत्र के साथ सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा महिलाओं को विभिन्न अवसर और कौशल निर्माण में समर्थन के साथ सशक्त बना रहा है जो यह सुनिश्चित करता है कि वे बाधाओं को पीछे छोड़ महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरें। परियोजना के जरिए महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जो उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में सहायक बना। सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रैटेजीज़ एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के सहयोग से संचालित होती है। इस परियोजना से कोरबा के 45 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 531 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5768 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम की मदद से 123 गांवों में सालाना 1.5 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है।

खुद को स्वास्थ्य मंत्री का मुरीद बताने वाले राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी का

साल भर के भीतर स्वास्थ्य मंत्री से हुआ मोह भंग ?

स्वास्थ्य मंत्री के विशेष सहायक बनाए गए आशुतोष पाण्डेय ने मंत्री का साथ छोड़... निगम कमिश्नर बनने में दिखाई रुचि

कोरबा निगम आयुक्त बने आशुतोष पाण्डेय

किसी मंत्री के पहले विशेष सहायक जिन्होंने एक साल के भीतर ही किया रास्ता अलग

पहले मंत्री के साथ बिताया था पूरा समय...लेकिन इस बार क्यों नहीं आया मंत्री का साथ रास

क्या मंत्री के यहां स्वार्थ नहीं हुआ पूरा या और है कोई बड़ा कारण ?

-विशेष संवाददाता-
रायपुर/कोरबा,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियों को गत दिनों नई पदस्थापना प्रदान की गई। नई पदस्थापना प्राप्त करने वाले अधिकारियों में एक नाम ऐसे अधिकारी का है जिसका नाम सूची में देखकर सभी आश्चर्य में हैं। यह नाम है वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आशुतोष पाण्डेय का जिन्हें निगम आयुक्त कोरबा बनाया गया है। आशुतोष पाण्डेय पूर्व में भाजपा सरकार में उच्च शिक्षा और राजस्व मंत्री रहे प्रेम प्रकाश पाण्डेय के निज सचिव रह चुके थे और वहां उन्होंने मंत्री जी के साथ उनके कार्यकाल के पूरे होने तक साथ निभाया था लेकिन स्वास्थ्य मंत्री के साथ उन्होंने केवल कुछ महीने ही बिताया और उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का साथ छोड़ दिया जो चर्चा का भी विषय है। क्या ऐसा हुआ की उनका स्वास्थ्य मंत्री से

मोह भंग हुआ और उन्हें निगम आयुक्त के पद से ही संतोष करना पड़ा यह चर्चा आम है। चर्चा में लोगों का कहना है की एक वर्ष की भी अवधी स्वास्थ्य मंत्री के साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने नहीं बिताया और अब वह निगम आयुक्त



छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर

//आदेश//

नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 28/10/2024

क्रमांक एफ-1-52/2024/एक/4:: राज्य शासन एतद्द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के निम्नांकित अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करते हुए, उन्हें अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक मेरी दर्शित तालिका में उनके नाम के सम्मुख कॉलम-(4) में दर्शाये गये स्थान पर पदस्थ करता है :-

स.क्र.	अधिकारी का नाम	वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)	(4)
01	श्री आशुतोष पाण्डेय राप्रसे, आर.आर.-2000	विशेष सहायक, माननीय मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन	आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा
02	श्री [illegible] राप्रसे, आर.आर.-2008	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग	उप सचिव, मंत्रालय
03	श्री लोकेश कुमार चंद्राकर राप्रसे, आर.आर.-2008	आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग	उप सचिव, मंत्रालय
04	श्री देवनारायण कश्यप राप्रसे, पी.-2010	उप सचिव, ग्राम विभाग, मंत्रालय	आयुक्त, नगर पालिक निगम, अंबिकापुर
05	श्री संदीप कुमार अग्रवाल, राप्रसे, आर.आर.-2013	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कबीरधाम	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर
06	श्री हरेश मण्डावी राप्रसे, आर.आर.-2013	आयुक्त, नगर पालिक निगम जगदलपुर	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उ.ब.कांकेर
07	श्री सुमीत अग्रवाल राप्रसे, आर.आर.-2013	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कांकेर	आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग
08	श्री राजीव कुमार पाण्डेय राप्रसे, आर.आर.-2013	अपर कलेक्टर, रायगढ़	आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई
09	श्री अजय कुमार त्रिपाठी राप्रसे, आर.आर.-2014	उप सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कबीरधाम
10	श्री दिनेश कुमार नाग राप्रसे, आर.आर.-2014	अपर कलेक्टर, कोरबा	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरबा
11	श्री राजरंग कुमार तुर्रे, राप्रसे, आर.आर.-2014	अपर कलेक्टर, दुर्ग	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग
12	श्री अभिषेक कुमार गुप्ता राप्रसे, आर.आर.-2014	अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव	अपर कलेक्टर, बलौदाबाजार
13	श्री प्रकाश सिंह राजपूत राप्रसे, आर.आर.-2014	आयुक्त, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर	अपर कलेक्टर, गरियाबंद
14	श्री निर्भय कुमार साहू राप्रसे, आर.आर. 2014	अपर कलेक्टर, कबीरधाम	आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर
15	श्री सुनील कुमार मंडावी राप्रसे, आर.आर.-2014	आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायगढ़	अपर कलेक्टर, बिलासपुर
16	श्री विनय कुमार पोयाम राप्रसे, आर.आर.-2015	आयुक्त, नगर पालिक निगम, धमतरी	संयुक्त कलेक्टर, कबीरधाम
17	श्री अतुल कुमार शेटे राप्रसे, पी-2015	डिप्टी कलेक्टर, बीजापुर	डिप्टी कलेक्टर, बलौदाबाजार भाटापारा

continue----2

बनकर ही खुश हैं, यह उनकी मर्जी है या बात कोई और है यह भी चर्चा जारी है। वैसे विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बनना उनकी खुद की इक्षा थी यह बात जाहिर है लेकिन किस विशेष कारणों से उन्होंने खुद को अलग किया मंत्री जी से यह विचारणीय विषय हो गया है लोगों के लिए। आशुतोष पाण्डेय को लेकर यह भी माना जाता है कि वह लोगों के बीच मिलनसार छवि नहीं रखते एक दीवार वह खींचकर चलते हैं और ऐसे में मंत्री के यहां से उनकी पदस्थापना इसीलिए तो नहीं बदली गई यह अब माना जा रहा है। वैसे निगम आयुक्त कोरबा बनकर वह निगम के लोगों से जुड़ पाएंगे शासन सरकार को भविष्य में वह फायदा पहुंचा पाएंगे यह देखने वाली बात होगी क्योंकि उनकी सीमित रहने वाली छवि कहीं नुकसानदायक न साबित हो भाजपा के लिए क्योंकि अब सामने निकाय चुनाव भी हैं और कोरबा में कांग्रेस के पूर्व मंत्री की शहर में पकड़ मजबूत है। वैसे

ट्रांसफर सूची में पहले स्थान पर रहा नाम

किसी को भी इस बात का अंदाज नहीं था कि स्वास्थ्य मंत्री के मुख्य सलाहकार का तबादला सूची में नाम होगा, ओएसडी बनने की सभी को चाह रहती है वहीं पाण्डेय जी मुख्य सचेतक की भूमिका में थे पर सूची में नाम आना ही विचित्र सा लग रहा है जबकि छुट्टी संजय मरकाम की होनी थी पर छुट्टी हो गई आशुतोष पाण्डेय की...पूरा मामला किसी की भी समझ नहीं आ रहा है।

कोरबा में आयुक्त नगर निगम का पद आखिर क्यों स्वीकार कर लिए आशुतोष पाण्डेय ?

आशुतोष पाण्डेय कोरबा में आयुक्त नगर निगम के पद पर कार्य करते नजर आयेंगे। कोरबा में वह आयुक्त बनकर जाना क्यों स्वीकार किए यह भी अचंभित करने वाला विषय है लोगों के लिए। कोरबा से उनका कोई विशेष लगाव होना भी इसकी वजह हो सकती है।

आशुतोष पाण्डेय यदि कोरबा में अपनी छवि को मिलनसार बना सके तब तो वह कोरबा में भाजपा का परचम लहरा पाने में वह सहायक साबित हो पाएंगे वहीं यदि ऐसा वह नहीं कर सके तो वह भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित हो जायेंगे। राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के तबादला सूची में आशुतोष पाण्डेय का ही नाम सबसे चर्चित है क्योंकि स्वास्थ्य मंत्री का साथ उन्होंने खुद चुना था और वर्ष के भीतर ही वह यदि अब उनसे अलग हो रहे हैं तो चर्चा तो होगी ही।

कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया राष्ट्रीय एकता दौड़ का शुभारम्भ

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर ''राष्ट्रीय एकता दौड़'' का आयोजन किया गया। यह दौड पुराना रेस्ट हाउस, जिला कोर्ट के सामने से प्रारंभ होकर जिला संयुक्त कार्यालय में संपन्न हुई। दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी के साथ स्कूली बच्चे व आम नागरिको ने बड़े उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ का शुभारंभ कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ के माध्यम से कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, आम नागरिकों, स्कूली बच्चों को देश भक्ति, एकता, अखंडता साथ ही समाज में शांति व सद्भावना बनाए रखने तथा देश के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने व एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौड़ के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर और एसपी ने ली जिले में कानून व्यवस्था की बैठक

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर जयवर्धन ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों, घटनाओं एवं विवादों पर पैनी नजर रखने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने और अप्रिय स्थिति निर्मित होने की दशा में त्वरित रूप में कड़ी कार्यवाही करें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जयवर्धन ने आपसी समन्वय एवं सहयोग को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कार्य करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द्र कायम रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करने एवं नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने दिवाली, छठ त्योहारों को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना को रोकने एवम सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के लिए निरंतर पेट्रोलिंग करने तथा त्यौहार के दौरान पटाखा विक्रेताओं के लिए तय नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनता के हित को देखते हुए सुरक्षित एवं शांत माहौल में त्यौहार मनाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले को नशामुक्त करवाने के लिए भी किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले में सड़क दुर्घटना के कारणों पर ध्यान रखते हुए यातायात, पीडब्ल्यूडी एवं आर टी ओ विभाग के अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को उनको रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा । साथ ही ऐसी घटना होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को राहत प्रदान करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसपी श्री प्रशांत ठाकुर ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जनता के हित में बेहतर रूप में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा। दिवाली एवं छठ पूजा के दौरान समस्त जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों को बेहद संजीदगी से देखने और उनकी समस्याओं को बेहतर रूप में सुलझाने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान कार्यक्रम के आयोजकों एवम संबंधितों के साथ बैठक करने एवं शासन एवं प्रशासन के नियमों का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित करें।

नव नियुक्त कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की सौजन्य मुलाकात

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉक्टर आर एस सिंह के नेतृत्व में फेडरेशन का प्रतिनिधित्व मंडल ने जिले में नवनियुक्त कलेक्टर एस. जयवर्धन व पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर से सौजन्य मुलाकात कर जिले में उनका अभिनंदन किया गया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर से परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने आग्रह किया गया। जिस पर समिति की जल्द बैठक बुलाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक से हाल की घटनाओं पर चर्चा कर दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने पूर्ण आश्वस्त किया कि आप सभी के सहयोग से जिले में पूर्व की भांति शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुलाकात के दौरान जिला संयोजक डॉक्टर आर. एस. सिंह, महा सचिव व जिलाध्यक्ष प्रदेश लिपिक वर्ग मो.इकबाल,महा सचिव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ विजय पैकरा, ब्लाक अध्यक्ष छ. ग.प्रदेश संयुक्त संघ रामानुजनगर राधेश्याम साहू, जिलाध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मनीष दीपक साहू,प्रांतीय सचिव प्रदेश लिपिक वर्ग अभिनव दुबे,श्रीमती चम्पा साहा, माधुरी सोनी,मेरी निशा,फुल साय मराबी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान,अजेंद्र नाथ दुबे बी आर सी भैयाथान,सतीश प्रताप सिंह ब्लॉक संयोजक भैयाथान, कुलदीप सिंह, अमर नाथ चौबे, रज्जाक अंसारी, सुग्रीव कुशवाहा, ईश्वर सिंह, बोधन राजवाड़े, पुष्पराज सिंह, सतपाल ठाकुर, छत्रपाल पैकरा सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सुगम तरीकों से मिट्टी के दीये का हो विक्रयःकलेक्टर

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये विक्रय हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र में मिट्टी के दीये वि.य हेतु आने वाले कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों से किसी प्रकार की कर वसूली नहीं करने तथा आमजनों को मिट्टी के दीये उपयोग करने प्रोत्साहित करने कहा है।

स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक में बाल विवाह रोकथाम हेतु किया गया आह्वान

जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने का किया जा रहा है प्रयास

-संवाददाता-
सुरजपुर,29 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं, इस अनुक्रम में कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम अनवरत किये जा रहे हैं। जिले में स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक में बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के दिशा में समूहों के सदस्यों को जानकारी दी जा रही है। ग्राम तिलसिवां एवं ग्राम सेन्दुरी में क्लस्टर बैठक में बाल विवाह के रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी दी गई। समूह के पदाधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक ग्राम में महिला स्वयं समूह कार्य कर रही है स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रत्येक गांव को बाल विवाह मुक्त करना है, बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु अपराध भी है यह बताया गया कि बाल विवाह यदि होता है तो उसमे सम्मिलित टेंट वाले, बैंड बाजे वाले, बाराती, पंडित, एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित सभी इस कानून के तहत दोषी होते हैं इस कानून के तहत बाल विवाह होने पर एक लाख रुपये जुर्माना एवं दो वर्ष के सजा का प्रावधान है। बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में चर्चा कि गई समूहो के सदस्यों द्वारा बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए पूर्ण सहयोग दिये जाने को आश्वासन दिया गया। बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कि गई एवं बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है, उक्त बैठक बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों, एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें बच्चों को नशे से बचाने के लिए किशोर न्याय अधिनियम की धारा 77, 78 की जानकारी भी दी गई यदि बच्चे को नशे में धकेला जाता है तो उक्त धाराओं के तहत एक लाख जुर्माना एवं दो वर्ष के सजा होने की जानकारी दी गई। उपरोक्त समस्त जानकारी हेतु एवं घटना होने के स्थिति में टोल फ्री चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 एवं आपातकालीन नम्बर 112 का इस्तेमाल करने का आह्मवान किया गया और उक्त नम्बरो के प्रचार प्रसार अपने गांव में करने का आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में चाईल्ड लाईन से शीतल सिंह, रमेश साहू एवं कलस्टर प्रभारी, पर्यवेक्षक स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया में होने जा रहा बहुत बड़ा बदलाव

नईदिल्ली,29 अक्टूबर 2024। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट करीब है। लगातार दो मैचों में मिली शर्मनाक हार के बाद अब भारतीय कैंप में रणनीति बनाने पर विचार किया जा रहा है। जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे पहले कभी नहीं हुआ था, वो कारनामा न्यूजीलैंड ने कर दिखाया। भारतीय टीम भले ही सीरीज हार गई हो, लेकिन अब पलटवार की बारी है। इस बीच खबर सामने आई है कि तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। हो सकता है कि हर्षित राणा तीसरे टेस्ट में एक नवंबर से मुंबई में खेलते हुए नजर आएं।

हर्षित राणा को मिल सकता है मुंबई टेस्ट में खेलने का मौका

भारत बनाम न्यूजीलैंड सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 1 नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। अब इंडियन एक्सप्रेस की खबर सामने आई है, इसमें कहा गया है कि तीसरे टेस्ट से पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम इंडिया में शमिल किया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो ये हर्षित राणा का इंटरनेशनल डेब्यू भी होगा। इससे पहले वे भारतीय टीम में शामिल तो होते रहे हैं, लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का चांस नहीं मिला है। लेकिन अब हो सकता है कि एक नवंबर वो तारीख हो, जब हर्षित भारतीय टीम की जर्सी में मैदान पर नजर आएं। हालांकि अभी इसके लिए बीसीसीआई की ओर से अपडेट का इंतजार किया जा रहा है।

जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप में से किसी एक को दिया जा सकता है रेस्ट

हर्षित राणा की अगर अगले मैच के लिए टीम इंडिया में एंट्री होती है तो ये भी पक्का है कि वे खेलते हुए भी नजर आएंगे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप में से किसी एक को रेस्ट दिया जा सकता है। आकाश दीप तो इस सीरीज का एक ही मैच खेले हैं, लेकिन बुमराह लगातार खेल रहे हैं। अब सीरीज से हाथ से चली गई है और अगले महीने से टीम इंडिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। उसके लिए जसप्रीत बुमराह का फिट रहना बहुत जरूरी है, ऐसे में हो ना हो, उन्हें रेस्ट दिया जाए और उनकी जगह राणा को खेलने का मौका मिले। हालांकि आखिरी फैसला क्या होगा, ये देखना काफी दिलचस्प होगा।

आईपीएल में केकेआर के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर होंगे रिटेन

इस बीच एक पेंच ये भी है कि आईपीएल 2025 के रिटेंशन की तारीख 31 अक्टूबर है। वहीं तीसरा टेस्ट एक नवंबर से होगा। ऐसे में अगर केकेआर ने उन्हें अपने साथ ही रिटेन किया तो वे बतौर अनकैप्ड प्लेयर की रिटेन होंगे। क्योंकि रिटेंशन उससे पहले ही हो जाएगा। लेकिन आईपीएल में केकेआर के लिए हर्षित राणा ने जिस तरह की गेंदबाजी है, उसके बाद उनका रिटेन होना पक्का है। देखना ये होगा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर जब हर्षित भारत के लिए खेलेंगे तो उनका प्रदर्शन कैसा रहता है।

संक्षिप्त खेल की खबरें

ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नईदिल्ली,29 अक्टूबर 2024। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक रूप से यह जानकारी दी है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने और कोचिंग में शामिल होने के बावजूद वेड बिग बैश लीग सहित कुछ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे।

रॉड्री ने जीता बैलन डे ऑर 2024

रियल मैड्रिड साल का सर्वश्रेष्ठ क्लब

नईदिल्ली,29 अक्टूबर 2024। मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रॉड्री ने 2024 के पुरुष वर्ग का बैलन डे ऑर जीता है।इस स्टार खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग जीतने में मदद की। इसके साथ-साथ उन्होंने स्पेन को 2024 को यूरोपीय चैम्पियनशिप का खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।रोड्री ने ब्राजील के विनिसियस जूनियर और इंग्लैंड के जूड बेलिंघम को पीछे छोड़ते हुए ये प्रतिष्ठित खिताब जीता। रॉड्री की जीत ने स्पेनिश प्रशंसकों के लिए 64 साल के इंतजार को खत्म कर दिया।

खाली हाथ घर लौटने से बेहतर था कांस्य पदक जीतना

जूनियर पुरुष हॉकी कप्तान आमिर अली ने कहा

बेंगलुरु,29 अक्टूबर 2024। मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप में कांस्य पदक जीतने के बाद, टीम की भावनाओं को दोहराते हुए, कप्तान आमिर अली ने कहा, गोल अंतर के कारण फाइनल में चूकने के बाद हम बहुत निराश थे। लेकिन एक टीम के रूप में, हमने फैसला किया कि हम जो बेहतर कर सकते थे, उस पर पीछे मुड़कर देखने का कोई मतलब नहीं है। हमने कांस्य पदक मैच पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और खुद से कहा कि हम खाली हाथ घर नहीं लौट सकते।

भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने रोमांचक प्ले-ऑफ मैच में न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम जापान (4-2), ग्रेट ब्रिटेन (6-4), मलेशिया (4-2) और न्यूजीलैंड (3-3) के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन के साथ पूरे टूर्नामेंट में अंक तालिका में शीर्ष पर रही। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-4 से हार, जिसने टूर्नामेंट जीता, ने भारत को बहुत नुकसान पहुंचाया। जीबी ने भारत से आगे रहते हुए मात्र एक गोल के अंतर से फाइनल में जगह बनाई।हालांकि, टीम के नए कोच, दिग्गज पीआर श्रीजेश द्वारा प्रज्ज्वलित की गई जुझारू भावना ने उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने में मदद की। अली ने कहा, टीम में कम से कम 12 खिलाड़ी पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट खेल रहे थे। वे पहले टेस्ट सीरीज़ खेल चुके थे, लेकिन वे टूर्नामेंट के लिए नए थे। श्री भाई (श्रीजेश) हमारे लिए सबसे अच्छे मेंटर हैं। उन्होंने लगातार हमसे कहा कि हम बिना किसी दबाव के खेले गए मैचों का आनंद लें। यही कारण है कि हम गोल खाने के बाद भी वापसी करते हैं और उन मैचों में जीत भी हासिल करते हैं।

अली ने कहा ,वह हमसे मैच में कदम-दर-कदम आगे बढने़ के बारे में बात करते थे और हाफ-टाइम ब्रेक के दौरान भी, जब हम स्कोरलाइन में पीछे होते थे, तो वह हमें बताते थे कि हम दबाव में आए बिना कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ वह मैच जिसमें हम बड़े अंतर से हार गए थे, उसकी कीमत हमें चुकानी पड़ी। अब, टीम राउंड-रॉबिन लीग की प्रकृति को समझती है और हर गोल कितना मायने रखता है।

बेंगलुरू के साई में काम पर वापस आते हुए, टीम ने अपना ध्यान जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर केंद्रित कर दिया है। यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है, जो 26 नवंबर को मस्कट, ओमान में शुरू होगा। हम वापस कैंप में हैं और जूनियर एशिया कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अगले कुछ महीने हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम घरेलू धरती पर जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं।उन्होंने कहा,सीनियर टीम के साथ एक ही कैंपस में होने से हमें बहुत मदद मिलती है। यहां तक कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए भी, सीनियर टीम के साथ खेलने से मुझे जो अनुभव मिला है, उससे जूनियर टीम में नए खिलाडिय़ों का मार्गदर्शन करने में मदद मिली है। मैंने हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत से बहुत कुछ सीखा है।

मिकी आर्थर रंगपुर राइडर्स के मुख्य कोच

ढाका,29 अक्टूबर 2024। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मुख्य कोच मिकी आर्थर को रंगपुर राइडर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है और वह 26 नवंबर से शुरू होने वाली ग्लोबल सुपर लीग में टीम की अगुआई करेंगे। वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग में भी रंगपुर टीम का प्रबंधन करेंगे। 56 वर्षीय आर्थर, जिनके पास कोचिंग का व्यापक अनुभव है, उन्होंने कई वर्षों तक पाकिस्तान और श्रीलंका की सीनियर पुरुष टीमों का प्रबंधन भी किया है, वह दुनिया भर की कई टी20 फ्रेंचाइजी से भी जुड़े रहे हैं।ईएसपीएनक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हाल ही में लंका प्रीमियर लीग में दांबुला ऑरा के साथ काम किया और वर्तमान में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के क्रिकेट निदेशक हैं।रिपोर्ट में रंगपुर टीम के निदेशक शानियान तनीम के हवाले से कहा गया, हमने इस साल जीएसएल और बीपीएल के लिए मिकी आर्थर को साइन किया है।

भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे केन विलियमसन

वेलिंगटन,29 अक्टूबर 2024। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के खिलाफ़ 1 नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फ़िटनेस सुनिश्चित करने के कारणवश कीवी बल्लेबाज़ तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुडने़ के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूज़ीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के ख़िलाफ़ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें। इंग्लैंड के खिलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है।

विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी जिसके चलते विलियमसन भारत के खिलाफ़ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे।बहरहाल भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच जारी टेस्ट श्रृंखला को न्यूज़ीलैंड पहले ही अपने नाम कर चुका है। न्यूज़ीलैंड इस समय 2-0 से आगे है और भारत में यह न्यूज़ीलैंड की पहली टेस्ट सीरीज़ जीत भी है। वहीं भारत 12 वर्षों में पहली बार घर पर कोई टेस्ट सीरीज़ हारा है।

दिल्ली कैपिटल्स करेगी ऋषभ पंत की छुट्टी

नईदिल्ली,29 अक्टूबर 2024। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए सभी टीमें 31 अक्टूबर को रिटेंशन लिस्ट जारी करने वाली हैं. इससे पहले क्रिकेट के गलियारों में सिर्फ इसी की चर्चा है. खबर आ रही है कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम ऋषभ पंत को रिलीज कर सकती है. वहीं, अब रिपोर्ट्स के हवाले से ये भी पता चल गया है कि डीसी अपने पुराने कप्तान को ही वापस लाने की तैयारी में है.

बाबर आजम को टेस्ट क्रिकेट में और बहुत कुछ हासिल करना है: रमीज राजा

नईदिल्ली,29 अक्टूबर 2024। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा को लगता है कि स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने अभी तक टेस्ट प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। खराब फॉर्म के कारण बाबर को इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों में आराम दिया गया था। पाकिस्तान ने दोनों मैच जीते और शान मसूद की कप्तानी में पहली बार सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 55 टेस्ट मैचों में बाबर ने 43.92 की औसत से 3,997 रन बनाए हैं।

नागा चैतन्य ने दूसरी शादी से पहले लिया बड़ा फैसला

एक्स वाइफ सामंथा की मिटाई आखिरी निशानी



नागा चैतन्य और सामंथा रूथ प्रभु ने 2021 में अलग होने की घोषणा की थी, जिसके बाद दोनों ने एक-दूसरे के साथ बीताए सभी पलों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स से हटा दिया था। नागा चैतन्य और सामंथा रूथ की तलाक की खबर सुन उनके फैंस को जबरदस्त झटका लगा था। अब, चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला से शादी करने के पहले हैरान कर देना वाला कदम उठाया है, जिसने हलचल मचा दी है। नागा चैतन्य ने अपनी पहली शादी की आखिरी निशानी भी मिटा दी है।

नागा चैतन्य ने सामंथा की तस्वीर हटाई

जब चैतन्य और शोभिता ने इस साल अगस्त में सगाई की थी तो लोगों को अभिनेता के इंस्टाग्राम फीड पर उनकी एक्स पत्नी सामंथा से जुड़ी तीन पोस्ट देखाने को मिली थी जो तलाक के बाद भी दिखाई दे रही थीं। इनमें से एक पोस्ट अक्टूबर 2021 में उनके अलग होने की घोषणा करने वाली थी। दूसरी पोस्ट दिसंबर 2018 की फिल्म माजिली का पोस्टर था, जिसमें वे दोनों लीड रोल में नजर आए थे। दोनों ही पोस्ट उनके फीड पर मौजूद हैं। तीसरी पोस्ट जो थी, वह एक रेस ट्रैक पर ली गई तस्वीर थी। यही तस्वीर उन्होंने हटा दी।

सामंथा-नागा का कनेक्शन हुआ खत्म

नागा चैतन्य ने अपनी एक्स वाइफ सामंथा की जो तस्वीर डिलीट की है, उसमें दोनों रेड कलर की रेस कार के पास खड़े दिखाई दे रहे हैं। एक्टर ने तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, %थ्रो बैक...मिसेज और गर्लफ्रेंड।% अब शोभिता से दूसरी शादी से पहले इस फोटो को हटा दिया गया है। दरअसल, नागा चैतन्य और सामंथा रुख प्रभु के तलाक ने फैंस को काफी मायूस कर दिया था। अब दोनों अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए हैं और एक-दूसरे से सारे कनेक्शन खत्म कर लिए हैं।

नागा चैतन्य दूसरी बार दूल्हा बनने को तैयार

बता दें कि नागा चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु ने साल 2017 में धूमधाम से शादी रचाई थी, लेकिन शादी के 4 साल बाद कपल का तलाक हो गया। बता दें कि नागा चैतन्य ने 8 अगस्त को शोभिता संग अपनी सगाई का ऐलान किया था। नागा चैतन्य से पहले उनके पिता और साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने बेटे और होने वाली बहू की इंगेजमेंट की तस्वीरें शेयर की थीं।

नीरू बाजवा ने खास अंदाज में प्रशंसकों को दिया फैशन मंत्र

पंजाबी फिल्मों के साथ ही टीवी जगत की सनसनी नीरू बाजवा ने पैंटसूट पहनकर बॉस लेडी लुक वाली तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों के साथ नीरू बाजवा ने खास अंदाज में प्रशंसकों को फैशन मंत्र भी दिया है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टग्राम पर डाली गई ताजा तस्वीरों में अभिनेत्री आत्मविश्वास से भरी दिख रही हैं। बाजवा ने बैगनी रंग के पैंटसूट के साथ प्रशंसकों को अपना फैशन मंत्र भी दिया। बाजवा ने तस्वीरें साझा कर कैप्शन में लिखा सूट पहनें और चमकें''।तस्वीरों में नीरू न्यूड मेकअप और स्ट्रेट हेयर स्टाइल के साथ स्मार्ट लग रही हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर नीले रंग की टॉप में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह एक रेस्तरां में बैठी मुस्कुराती दिखाई दे रही हैं।इन तस्वीरों को को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा आशावादी बनें इससे अच्छा महसूस होता है।कनाडा में जन्मीं अभिनेत्री ने 2005 में हरी मिर्ची लाल मिर्ची' से टीवी जगत में प्रवेश किया था। इसके बाद वह अस्तित्व एक प्रेम कहानी' शो में नजर आई थीं। अभिनेत्री ने इसके बाद जीत' और फिर गन्स एंड रोजेज' शो में भी काम किया।साल 2013 में अभिनेत्री ने जिमी शेरगिल द्वारा निर्मित और दिलजीत दोसांझ, अमरिंदर गिल और सुरवीन चावला की मल्टी-स्टारर पंजाबी फिल्म साडी लव स्टोरी' में काम किया। इसके बाद वो दिलजीत के साथ फिल्म जट्ट एंड जूलियट 2' में काम किया। फिल्म ने पंजाबी सिनेमा में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की।नीरू फिल्म निर्देशक भी हैं, जिसकी शुरूआत उन्होंने 2017 में पंजाबी फिल्म सरगी से की। फिल्म में उनकी बहन रुबीना बाजवा, जस्सी गिल और बब्बल राय प्रमुख भूमिका में थीं। इसके बाद अभिनेत्री ने 2019 में ब्यूटीफुल बिल्लो' में अभिनय और निर्माण किया।इसके बाद जट्ट एंड जूलियट फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त रिलीज हुई। अगस्त में पंजाबी फिल्म ने दुनिया भर में 107.51 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। यह फिल्म पंजाब के दो पुलिस अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गुप्त, जटिल मिशन पर कनाडा जाते हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री फिल्म शायर' में भी नजर आई थीं। नीरू बाजवा जल्द ही अगली फिल्म शुक्राना' में नजर आएंगी

आ गए मेरे करण अर्जुन...

29 साल बाद फिर लौटी सलमान-शाहरुख की जोड़ी, इस दिन वर्ल्डवाइड री-रिलीज होगी फिल्म

सूरज कब दूर गगन से, चंदा कब दूर किरण से... एक मां की 22 साल की तपस्ये या, उसके बेटों का पुनर्जन्म, ठाकुर दुर्जन सिंह के खौफ का संहार और मां पर हुए अन्याय का बदला। साल 1995 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म करण अर्जुन कई मायनों में खास है। सचिन भौमिक की बेहतरीन कहानी, राकेश रोशन का डायरेक्शन और इन सब से अधिक भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े सुपरस्टार्स सलमान खान और शाहरुख खान का पहली बार पर्दे पर एकसाथ आना। करण अर्जुन किसी फिल्म से ज्यादा करोड़ों फैंस के दिलों में धड़कने वाली एक अटूट भावना है। दिलचस्प है कि 29 साल बाद इस फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। सुपरस्टार सलमान खान ने सोमवार, 28 अक्टूबर को फैंस को यह खुशखबरी दी है। उन्होंने दोपहर 12 बजे ट्वीट कर बताया कि करण अर्जुन को आगामी 22 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में री-रिलीज किया जाएगा। सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हिंदी सिनेमा के फैंस अपने नजदीकी थिएटर में इस क्लासिक फिल्म का आनंद ले सकेंगे।

सलमान ने करण अर्जुन का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, राखी जी ने सही कहा था फिल्म में कि मेरे करण अर्जुन आएंगे... 22 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में!

प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

6 अफसरों का ट्रांसफर,सूची में अपर और संयुक्त कलेक्टरों का नाम

रायपुर,29 अक्टूबर 2024(ए)। विष्णुदेव साय सरकार ने आज राज्य प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का ट्रांसफर किया। दो दिन के भीतर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का ये दूसरा ट्रांसफर है। कल भी सरकार ने एक लिस्ट जारी की थी। बहरहाल, शिव कुमार बनर्जी अपर कलेक्टर बिलासपुर से उप सचिव मंत्रालय, राम प्रसाद चौहान मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिलासपुर से उप सचिव मंत्रालय, उमेश कुमार पटेल अवर सचिव राजस्व और आपदा से वाणिज्य और उद्योग विभाग मंत्रालय, श्रीकांत वर्मा संयुक्त कलेक्टर कोरबा से अतिरिक्त संचालक पंचायत संचालनालय, दुष्यंत कुमार संयुक्त कलेक्टर सक्ती से अतिरिकत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण, अनुपम आशीष टोप्पो डिप्टी कलेक्टर से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स तबादला किया गया है।

जनसम्पर्क आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों से काम-काज की जानकारी ली

रायपुर,29 अक्टूबर 2024(ए)। जनसम्पर्क संचालनालय के नव पदस्थ आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने आज यहां छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री ने किया सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर का वर्चुअल लोकार्पण

सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर से बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

- लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
- धन्वंतरि दिवस पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 12 हजार करो रुपए से अधिक लागत की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं की दी सौगात
- सेवा से समृद्धि और सुशासन का एक नया संकल्प हुआ पूरा
- मुख्यमंत्री ने हॉस्पिटल का अवलोकन कर विभिन्न सुविधाओं का लिया जायजा

रायपुर,29 अक्टूबर 2024(ए)। सेवा से समृद्धि और सुशासन की संकल्पना के साथ आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरी जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बिलासपुर (कोनी) में 200 करोड़ की लागत से निर्मित सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में वर्चुअल रूप से देश के विभिन्न स्थानों में 12 हजार 850 करोड़ रूपए से अधिक लागत की अनेक स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया, इनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर (कोनी) का सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण और रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को धनतेरस और भगवान धनवंतरि जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि धनतेरस के दिन सौभाग्य और स्वास्थ्य का यह उत्सव सिर्फ एक संयोग नहीं है, यह स्वास्थ्य और समृद्धि का उत्सव है। देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते है, आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज धनवंतरी और नौवां आयुर्वेद दिवस है। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यायधानी बिलासपुर को एक बड़ी सौगात दी हैं। बिलासपुर स्थित मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। अस्पताल से न केवल बिलासपुर के आसपास के ग्रामीणों को इलाज की बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि सरगुजा संभाग के भी मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी और सुशासन के संकल्प के साथ विकास के सभी वादों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से शुरू की जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित विकास के सभी आयामों पर हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 200 करोड़ की लागत से बना अस्पताल धनतेरस के पावन अवसर पर बिलासपुर वासियों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है। बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित इस हॉस्पिटल के शुभारंभ से अब क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि इस अस्पताल के शुभारंभ से स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ ने 200 करोड़ के लागत से बने इस मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ को बिलासपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इसी कड़ी में ढाई एकड़ में यह 11 मंजिला भव्य हॉस्पिटल बनाया गया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल में बिलासपुर सहित सरगुजा संभाग के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

गौरतलब है कि दूर-दराज के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने एवं चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की शुरुआत की थी। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के फेस चार के अंतर्गत दो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रारंभ किया जा रहे हैं जिसमें 200 करोड़ की लागत से बना यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामिल है। 11 मंजिला यह अस्पताल बिलासपुर का सबसे ऊंचा भवन है जिसमें सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे, कलर डॉपलर टीएमटी मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। 240 बिस्तर वाले इस अस्पताल में 70 आईसीयू एवं आईसीसीयू बेड रहेंगे। इस अस्पताल में 08 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण किया गया है। वर्तमान में इस अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, पल्मनोलॉजी और जनरल मेडिसिन सहित चार ओपीडी प्रारंभ किये जा रहे हैं। इस अस्पताल में ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब की भी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हॉस्पिटल का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 11 मंजिला इस भव्य अस्पताल भवन में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सीटी स्कैन, एक्स रे, ब्लड बैंक पैथोलैब आदि कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत विभिन्न सामग्री एवं प्रमाण पत्र का भी वितरण किया। उन्होंने 37 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, दूरस्थ अंचलों में संचालित हेतु दो बाइक एंबुलेंस, 5 सिकल कार्ड, 5 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसी प्रकार उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले के 07 केंद्रों को एन.क्यू.ए.एस प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनमें जिला अस्पताल सहित 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करगी कला, हरदी कला, नवागांव सलका तथा 03 उप स्वास्थ्य केंद्र मिट्ठू नवागांव, मझवानी, पेंडरवा शामिल है। एन.क्यू.ए.एस प्रमाण पत्र बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत नेशनल क्वालिटी सुपरवाइजरी कमिटी द्वारा प्रदान किया जाता है।

9 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

- प्राइवेट प्रैक्टिस पर बैन और सैलरी कटौती के खिलाफ जताया विरोध...

दुर्ग,29 अक्टूबर 2024(ए)। कचांदुर भिलाई स्थित चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट प्रैक्टिस पर लगाए गए बैन और सैलरी में 20 प्रतिशत कटौती के विरोध में 9 वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले सभी डॉक्टर अपने-अपने विभाग के प्रमुख हैं, जिनमें मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग, स्त्री रोग, निश्चेतना और रेडियोलॉजी विभाग के प्रमुख भी शामिल हैं। इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों में तीन सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर भी हैं। चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने राज्य सरकार द्वारा सरकारी डॉक्टरों के प्राइवेट अस्पताल में प्रैक्टिस करने पर लगाए गए प्रतिबंध और वेतन में कटौती को अन्यायपूर्ण बताया है। डॉक्टरों का कहना है कि इस फैसले से न केवल उनकी आय में कमी आएगी बल्कि उनकी पेशेवर स्वतंत्रता पर भी असर पड़ेगा। डॉक्टरों का यह भी कहना है कि सरकार को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स के लिए नीतियों में सुधार करना चाहिए ताकि वे एक सुरक्षित और स्थिर कार्य वातावरण का अनुभव कर सकें।

इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों में डॉ. रुपेश कुमार अग्रवाल एचओडी, शिशु रोग, डॉ. नविल शर्मा एचओडी, सर्जरी, डॉ. नरेश देशमुख असिस्टेंट प्रोफेसर, निश्चेतना, डॉ. कौशल एचओडी, निश्चेतना, डॉ. समीर कठारे एचओडी, रेडियो डायग्नोसिस, डॉ. अंजना एचओडी, स्त्री रोग, डॉ. करण चंद्राकर एसोसिएट प्रोफेसर, पैथोलॉजी, डॉ. सिंघल एचओडी, मेडिसिन, डॉ. मिथलेश कुमार यदु सीनियर रेजिडेंट, शिशु रोग है।

देवेंद्र यादव से मिलने रायपुर जेल पहुंची राहुल गांधी की टीम

- किसी को भनक तक नहीं,पहला दौरा प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रम की वजह से टला, यह था दूसरा

रायपुर,29 अक्टूबर 2024(ए)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पिछले 2 महीनों से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। देवेंद्र से मिलने कांग्रेस के बड़े नेता लगातार रायपुर पहुंच रहे है। वहीं, इसी बीच राहुल गांधी के टीम के खास सदस्य उनसे मिलने पहुंचे और इस मुलाकात को गोपनीय रखा गया, यहां तक की स्थानीय कांग्रेसजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के खास केबी बायजू और डॉ. प्रतिष्ठा सिंह सोमवार को रायपुर पहुंचे थे, उन्हें एयरपोर्ट लेने देवेंद्र यादव की टीम गई थी। जेल में देवेंद्र यादव की पत्नी, बायजू और प्रतिष्ठा सिंह ने उनसे मुलाकात की। वहीं, रायपुर प्रवास के दौरान यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी उनसे मिलने पहुंचे थे लेकिन उन्हें एक घंटे से ज्यादा इंतजार करना पड़ा। राहुल गांधी के करीबी नेताओं को रायपुर भेजा गया और इस मुलाकात को इतना टॉप सीक्रेट रखा गया कि यहां तक कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को इसकी जानकारी नहीं थी। सूत्र बताते है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए राहुल गांधी ने अपनी टीम के सदस्यों को रायपुर सेंट्रल जेल भेजा, जहां भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव पिछले 2 महीनों से बंद है।

बीजेपी प्रत्याशी सुनील सोनी के साथ दिख रहे शोएब ने वायरल वीडियो को बताया सही

- भाजपा ने वीडियो को बताया था फेक...

रायपुर,29 अक्टूबर 2024(ए)। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में कांग्रेस-बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। एक दिन पूर्व ही भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के शपथ पत्र पर आपत्ति जताई थी। साथ ही सुनील सोनी के एक मुस्लिम बुजुर्ग को किस करते जारी हुए वीडियो को फेक बताते हुए कांग्रेस के प्रमुख वक्ता सुशील आनंद शुक्ला के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई थी। इस वाकये के अगले दिन कांग्रेस पार्टी ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया और भाजपा के ऊपर तमाम आरोप गढ़े।इस प्रेस वार्ता में सुनील सोनी के वायरल वीडियो में नजर आने वाले मोहम्मद शोएब भी मौजूद थे। वीडियो को लेकर पिछले दो दिनों से हो रही सियासत का पटाक्षेप किया। इस मामले में मोहम्मद शोएब ने कहा कि यह वीडियो फेक नहीं है। यह मेरे साथ हुआ था। इस वीडियो को लेकर मुझे कोई आपत्ति भी नहीं है।

प्रताड़ित करते है कांग्रेसी,महिला नेत्री का आरोप

बस्तर,29 अक्टूबर 2024(ए)। जगदलपुर नगर निगम की राजनीति इन दिनों गरमाई हुई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष समेत निगम के पार्षद महापौर सफीरा साहू पर लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में अब सफीरा साहू ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। सफीरा साहू ने कहा कि जब मैं कांग्रेस में थी तो मुझे बहुत प्रताड़ित किया जाता था। मानसिक रूप से बहुत परेशान करते थे। यही वजह थी कि मैं पार्टी छोड़ी और भाजपा में शामिल हो गई।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)